
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः11 | ग्वालियर, 19 नवम्बर रविवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# मप्र में बंपर वोटिंग, कई रिकॉर्ड टूटे

**नई दिल्ली।** हत्या, गोलीबारी और धांधली के आरोपों के बीच मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए शुक्रवार को वोट डाले गए. वोट डालने के लिए कई जगहों पर देर रात तक लोग कतारों में खड़े नजर आए. चुनाव आयोग के मुताबिक राज्य में कुल 76.2 प्रतिशत वोट पड़े, जो अब तक का रिकॉर्ड है. 2018 में 75.63 प्रतिशत तो 2013 में 72.13 प्रतिशत वोट पड़े थे. चुनाव आयोग के मुताबिक विधानसभा की करीब 85 सीटों पर 80 प्रतिशत से ज्यादा वोट पड़े हैं. सिवनी जिले के बरघाट सीट पर सबसे ज्यादा 88.2 प्रतिशत वोट डाले गए हैं. विधानसभा चुनाव के इस रिकॉर्डतोड़ मतदान ने सियासी दलों की धड़कनें बढ़ा दी है. वोटिंग के बाद चौक-चौराहे से लेकर सियासी गलियारों तक एक ही चर्चा है कि आखिर इस वोटिंग के संकेत क्या हैं।

- बालाघाट जिले के सोनेवानी मतदान केंद्र में सबसे कम 42 मतदाता हैं, लेकिन यहां 100 प्रतिशत मतदान हुआ है. बालाघाट नक्सल बेल्ट माना जाता है और यहां दोपहर 3 बजे तक ही मतदान करवाया गया.
- पहली बार महिला वोटरों ने जमकर मतदान किया है. आयोग के मुताबिक कुल 2.72 करोड़ महिला वोटरों में से 1.93 करोड़ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है.





- 2020 में बागी हुए कांग्रेस के 22 में से 14 विधायकों की सीट पर इस बार पिछली बार की तुलना में ज्यादा वोट पड़े हैं. इनमें कई मंत्रियों की सीट भी शामिल हैं. ये सभी ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ गए थे.
- पहली बार विधानसभा चुनाव में 3 केंद्रीय मंत्री और 7 सांसद मैदान में थे. 6 पूर्व मुख्यमंत्रियों के परिवार भी चुनाव मैदान में उतरे हुए थे.

**5 प्वाइंट्स में समझिए क्या है वोटिंग का ट्रेंड**-सवाल यही है कि क्या मध्य प्रदेश के वोटिंग में जो बढ़ोतरी हुई है, क्या वह सामान्य है? मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नितिन दुबे कहते हैं- जिस तरह से मतदाता रात तक लंबी-लंबी कतारों में लगे रहे, इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता है. वे कहते हैं- यह सत्ता विरोधी लहर है और लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में जमकर मतदान किया है. कांग्रेस पिछली बार से ज्यादा मजबूती से सरकार बनाएगी. बीजेपी के प्रवक्ता हितेश वाजपेई इसे सामान्य बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखते हैं, %2 प्रतिशत वोट मध्य प्रदेश के चुनाव में हर बार बढ़ता है.% वाजपेई वोट प्रतिशत बढ़ने की मुख्य वजह दिनों-दिन बढ़ रही जनसंख्या और चुनाव आयोग की जागरूकता अभियान को बताते हैं. ऐसे में इस स्टोरी में समझते हैं कि क्या सच में वोट प्रतिशत का बढ़ना एक सामान्य राजनीतिक घटना है या कुछ खेल होने वाला है।

## न्यूज ट्रैक

## आंधी-तूफान, भारी बाढ़रश से दुबई की सड़कों पर आया सैलाब





**नई दिल्ली।** खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात के कुछ हस्सिों में शनिवार (18 नवंबर) की सुबह हुई झमाझम बारिश और आंधी तूफान के बाद आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. खासकर दुबई की सड़कों पर वाटरलॉगिं ग की समस्या पैदा हो गई है. सड़कों पर जमा कई-कई फीट पानी से यातायात बुरी तरह से प्रभावति हो गया. जलमग्न हुई सड़कों के बाद स्थानीय प्रशासन की ओर से भी अलर्ट जारी किया गया है. मौसम के और ज्यादा खराब होने की संभावना को देखते हुए समुद्री तटों से बचने और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह भी दी गई है. खराब मौसम का असर उड़ानों के संचालन भी पड़ रहा है. भारी बारिश के बाद खराब हुए हालातों के चलते दुबई पुलिस की ओर से सुबह 6.30 बजे लोगों को एक अलर्ट जारी किया गया. लोगों से समुद्र तटों और बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई. साथ ही वाहन चालकों को ज्यादा सावधानी बरतने का आग्रह किया गया. आंधी और बारिश की वजह से खराब स्थतिरिं को देखते हुए यूएई के राष्टीय मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है.

## इंदिरा से आयरन लेडी बनने का सफर



**नई दिल्ली।** आज विश्व पटल पर भारत एक सशक्त परमाणु संपन्न देश के तौर पर मजबूती से खड़ा है, लेकिन इसकी नींव पड़ी थी देश की आयरन लेडी कही जाने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जमाने में. आज 19 नवंबर की तारीख है और आज ही के दिन 1917 को इंदिरा गांधी का जन्म हुआ था. उनके पिता देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे. दादा मोतीलाल नेहरू ने इंदिरा नाम दिया था और देश के लिए किए गए उनके साहसिक फैसलों की वजह से दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा कहकर संबोधित किया था. वह इंदिरा गांधी ही थी जिन्होंने पूरे एशिया का भूगोल बदल दिया, पाकिस्तान के दो टुकड़े किए, भारत को परमाणु संपन्न देश बनाया और ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत खालिस्तान की कमर तोड़ दी थी. हालांकि 31 अक्टूबर 1984 को उनके सिख बॉडीगार्ड्स ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी. उनके साहसिक फैसलों की वजह से अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा कह कर संबोधित किया था. आज उनकी जयंती पर हम आपको बताएंगे इंदिरा गांधी के लिए उन सभी साहसिक फैसलों के बारे में जिन्होंने देश को नई दिशा दी.

## जरूरत से ज्यादा बोल रहे हैं असम के सीएम

**नई दिल्ली।**राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान सीएम अशोक गहलोत ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को नसीहत दी. असम के सीएम के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गहलोत ने कहा, वो जरूरत से ज्यादा बोल रहे हैं, उनको कोई लाईक नहीं कर रहा है, वो जिंदगी भर तो कांग्रेस में थे. असम के सीएम ने कहा कि अभी वो इस तरह के बयान देकर बीजेपी हाईकमान की शर्त को पूरा कर रहे हैं. वो बीजेपी हाईकमान के प्रति अपनी वफादारी निभा रहे हैं. ऐसा बोल करके वो दिखाना चाहते हैं कि हम बीजेपी कैडर से कम न लगे. चुनाव में राज्य सरकार की काम पर वोट मांगना चाहिये. हमने जो 5 साल में काम किया है उस पर बहस होना चाहिये. राजस्थान में लोग बीजेपी पर हंस रहे है. बीजेपी के बाहर के नेता आकर अलग से बात करते है. राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत को लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने सियासी टिप्पणी की थी. असम सीएम ने कहा है कि गहलोत जी ने सचिन पायलट से झगड़े के बाद अपने सभी विधायकों को लूटने का लाइसेंस दे दिया. उन्होंने विधायकों से कह दिया कि तुमको जितना लूटना है लूटो लेकिन मुझको सीएम रहने दो, लेकिन जनता जर्नादन होती है और वह इन चुनावों में उनको जवाब देगी. चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सरमा ने प्रिंयका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, अगर मैं भारत में हिंदू के लिए दो शब्द नहीं बोलूंगा तो क्या बाबर और औरंगजेब के लिए बोलूंगा। भारत में हिंदू के हित का मतलब क्या है। हिंदू कहता है कि पूरा विश्व मेरा कुटुम्ब है. अगर आप ऐसी संस्कृति का जयगान नहीं करोगे तो किसका जयगान करोगे। आप प्रियंका गांधी को बोलिए कि जब तक हमारी सांस रहेगी तब तक हम हिंदुओं का जयगान करेंगे.



## 'जब केसीआर सबसे भ्रष्ट तो क्यों नहीं भेजी ईडी और सीबीआई'

**नई दिल्ली।**तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पहले राजनीतिक बयानबाजी जोरों पर है. इसी क्रम में साउथ फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री विजयशांति ने भारतीय जनता पार्टी और राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर हमला किया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी कहती है कि केसीआर सबसे भ्रष्ट नेता हैं लेकिन उनके खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं लेती. दरअसल विजयशांति कांग्रेस पार्टी में शामिल हुई हैं. इस बारे में उन्होंने कहा, ÷मैं कांग्रेस में इसलिए शामिल हुई हूं क्योंकि बीजेपी और टीआरएस एक साथ आ चुके हैं. बीजेपी के शीर्ष नेता तेलंगाना आते हैं और कहते हैं कि केसीआर सबसे भ्रष्ट नेता हैं, उनकी बेटी शराब घोटाले में फंसी हैं और ये परिवार की पार्टी है. फिर वो दिल्ली जाते हैं और कई जगहों पर ईडी और सीबीआई की रेड होती है लेकिन केसीआर के पास नहीं पहुंचती.

कांग्रेस ने विजयशांति को तेलंगाना चुनाव अभियान का मुख्य समन्वयक बनाया है. पार्टी की ओर से इस जिम्मेदारी को मिलने के बाद उन्होंने केसीआर पर हमला करते हुए कहा, ÷उन्हें तो सलाखों के पीछे होना चाहिए. बीजेपी ने बंदी संजय कुमार को हटा दिया क्योंकि संजय केसीआर के खिलाफ थे. चुनाव से चार महीने पहले पार्टी ने यह फैसला लिया. ये उचित नहीं है. संजय को हटाकर बीजेपी ने अपनी ही पार्टी को खराब कर दिया. तेलंगाना में बीजेपी की जो दुर्गति हुई, उसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं. विजयशांति ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 1997 में बीजेपी के साथ की थी. इसके बाद वो टीआरएस और तेलंगाना आंदोलन में शामिल हो गई. साल 2009 में वह तत्कालीन टीआरएस से सांसद बनीं. 2015 में तेलंगाना के जन्म से ठीक पहले, वह 2014 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गई. इसके बाद 2019 में, विजयशांति ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक तानाशाह की तरह शासन कर रहे हैं. एक साल बाद उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और बीजेपी में शामिल हो गई.

## गांधी, पासवान और चौटाला... देश के वो 5 सियासी परिवार

**नई दिल्ली।** शरद पवार की पार्टी एनसीपी में टूट के 4 महीने बाद सुप्रिया सुले और अजित पवार की एक तस्वीर चर्चा में है. भाऊ बीज (भाई दूज) के मौके पर सुप्रिया ने इसे शेयर किया है. दोनों की इस तस्वीर के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं. हालांकि, पवार परिवार के मिलन का यह पहला मौका नहीं है. पहले भी कई मौकों पर अजित पवार अपने चाचा शरद पवार और



बहन सुप्रिया सुले से मिलते नजर आए हैं. मुलाकात के पीछे पवार परिवार का तर्क होता है- राजनीति से बड़ा रिश्ता है. महाराष्ट्र के वरिष्ठ पत्रकार संजय आउते भी सुप्रिया सुले और शरद पवार के साथ बार-बार अजित पवार के मुलाकात को पारिवारिक ही मानते हैं. आउते के मुताबिक यह सभी मुलाकातें किसी न किसी निजी मौकों पर ही हुई हैं. आउते कहते हैं- महाराष्ट्र के भीतर यह धारणा भी है कि अगर शरद पवार और अजित पवार सीधे तौर पर एक-दूसरे के सामने आ गए, तो सुप्रिया का बारामती से सांसदी जीतना और अजित पवार का विधायकी जीतना मुश्किल हो जाएगा. हो सकता है, दोनों परिवार सभी मौकों इसलिए भी साथ आता हो. पवार परिवार से इतर भी भारतीय राजनीति में कई परिवार ऐसे हैं, जिसमें फूट के बाद रिश्तों पर राजनीति भारी पड़ गई. इन परिवारों के बीच अभी भी सियासी कड़वाहटें बदस्तूर जारी है.

## सीतामढ़ी में 5 लोगों की मौत एक व्यक्ति की हालत गंभीर

**सीतामढ़ी।** जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र के सोनमन टोल में कथित जहरीली शराब से शुक्रवार की रात मौत की घटना की सूचना मिली है. ग्रामीणों के अनुसार जहरीली शराब के सेवन से पांच लोगों की मौत हुई है और एक व्यक्ति का अभी इलाज चल रहा है. इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है. वहीं, इस मामले को लेकर डीएसपी विनोद कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिल रही थी कि दो लोगों को इलाज सीतामढ़ी अस्पताल में चल रहा है. पुलिस पहुंची तो एक व्यक्ति की मौत हुई थी. पुलिस शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. पुलिस को शुक्रवार की देर रात खबर मिली थी कि दो व्यक्ति की शराब पीने से तबीयत खराब हो गई है. इस बात की जानकारी पर पुपरी डीएसपी विनोद कुमार ने बाजपट्टी थानाध्यक्ष पंकज कुमार को जांच के लिए भेजा. इसी दौरान एक की मौत भी हो गई, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है. वहीं, डीएसपी विनोद कुमार ने बताया कि एसपी मनोज कुमार तिवारी के निर्देश पर रात्रि में ही पुलिस ने छापेमारी कर संबंधित क्षेत्र से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इधर, परिजन और ग्रामीणों ने बताया कि विक्रम शुक्रवार को दो पुत्रों को लेकर खेत में गया था. बाद में उसने दोनों पुत्रों को लौटा दिया कि ट्रैक्टर के आने पर आना. शाम में विक्रम अन्य पांच लोगों के साथ महुआइन गांव चला गया. लौटकर आया तो उसकी तबीयत खराब हो गई. विक्रम के आंखों की रोशनी चली गई थी.





## वसुंधरा राजे के करीबी रहे युनुस खान बोले, बीजेपी में खत्म हो चुके हैं सिद्धांत

**नई दिल्ली।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के सबसे करीबी लोगों में शुमार रहे पूर्व मंत्री यूनुस खान ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों से हटकर सिर्फ चुनावी जीत के फार्मूले को तवज्जो देने का आरोप लगाया. यूनुस खान ने साथ ही कहा कि उनकी इस पार्टी के साथ कभी कोई रिश्तेदारी नहीं थी और वह केवल इसकी विचारधारा के चलते इसके साथ जुड़े हुए थे. खान भारतीय जनता पार्टी से टिकट कटने के बाद नागौर जिले की डीडवाना विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं. बीजेपी के टिकट पर वह 2003 और 2013 में इस सीट से चुनाव जीत चुके हैं. 2018 के विधानसभा चुनाव में, यूनुस खान को टोंक से कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट के खिलाफ मैदान में उतारा गया था लेकिन वह चुनाव हार गए. पायलट को 109,040 और खान को 54,861 वोट मिले थे. वसुंधरा राजे सरकार में लोक निर्माण और परिवहन मंत्री रहे खान को बीजेपी से केवल इतनी शिकायत है कि टिकट काटे जाने के समय उनसे कोई बातचीत नहीं की गई. राजस्थान में बीजेपी का एक प्रमुख मुस्लिम चेहरा रहे खान ने कहा, मुझे सिर्फ इतनी शिकायत है कि अगर मुझे बुलाकर बात करते तो मैं आज भारतीय जनता पार्टी के साथ काम कर रहा होता.

## आप हमेशा वह नहीं पा सकते जो... भारत यात्रा पर आए मिक जैगर ने हिंदी में किया

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश रॉक बैंड द रोलिंग स्टोन्स के प्रमुख गायक मिक जैगर भारत यात्रा पर आए थे और इस दौरान उन्होंने हिंदी में एक नोट लिखकर धन्यवाद किया था. इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी है. एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किए गए जैगर के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए, मोदी ने उनसे आते रहने के लिए कहा. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आप हमेशा वह नहीं पा सकते जो आप चाहते हैं, लेकिन भारत साधकों से भरी हुई भूमि है, जो सभी को सांत्वना और %संतुष्टि% प्रदान करती है. यह जानकर खुशी हुई कि आपको यहां के लोगों और संस्कृति के बीच खुशी मिली. आते रहिये... इससे पहले अपनी भारत यात्रा के बाद, जैगर ने शुक्रवार को एक्स पर एल्बम हैकनी डायमंड्स से ड्रीमी स्काइज़ गाते हुए एक वीडियो शेयर किया था. उन्होंने आभार व्यक्त किया और बताया कि कैसे इस यात्रा ने एक ताजा ब्रेक दिया, जिससे उन्हें अपनी चिंताओं और मुद्दों से अस्थायी राहत मिली. सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए मिक जैगर ने कहा, धन्यवाद और नमस्ते भारत. रोज़ के कामों से दूर; इधर आकर मुझे बड़ी खुशी हुई. आप सबको बहुत प्यार के साथ, मिक. 80 साल के जैगर ने इसस पहले कोलकाता में दिवाली मनाई और काली पूजा भी की. साथ ही अपने प्रशंसकों को त्योहारी सीजन की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की थीं. जैगर दुनिया के सबसे अमीर रॉक स्टार्स में से एक हैं.



## गहलोत पूरा खजाना गरीबों पर लुटा रहे हैं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहे जितनी कोशिश करें, लेकिन राजस्थान में एक बार फिर कांग्रेस की ही सरकार बनेगी. उन्होंने 'अमीर लोगों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बनाने का काम' करने के लिए बीजेपी पर भी निशाना साधा. वह वैर (भरतपुर) में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा,'' मोदी जी, लाख कोशिश करें लेकिन (राजस्थान में) इस बार फिर से कांग्रेस ही आएगी.''राज्य में विधानसभा चुनाव 25 नवंबर को है और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी. खरगे ने आरोप लगाया कि बीजेपी अमीर लोगों को और अमीर और गरीब लोगों को और गरीब बनाने का काम करती है. उन्होंने कहा, ''उनको गरीब को गरीब ही रखना है तथा अमीर को और अमीर बनाना है इसलिए वे हमेशा अपने मित्रों और दोस्तों को फायदा पहुंचाते हैं जबकि कांग्रेस गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए काम करती है.'' उन्होंने कहा,''हम गरीबों के लिए कुछ बोलें तो प्रधानमंत्री बोलते हैं ये सब रेवड़ी, पैसे बांट रहे हैं... गहलोत पूरा खजाना गरीबों पर लुटा रहे हैं ...इससे क्या फायदा होगा? यह उनका कहना है... अरे भाई, हम तो गरीब लोगों को दे रहे हैं... आपने तो अमीरों का 15 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया और जब हमने कहा कि किसानों का कर्जा माफ करो, तो आपने ऐसा नहीं किया.'' उन्होंने कहा, केंद्र युवाओं को गुमराह करने के लिए अग्निवीर योजना लेकर आया. अगर हमारी सरकार बनती है तो हम कोई रास्ता निकालेंगे. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, ÷इस देश का संविधान सामाजिक न्याय की बात करता है, दलितों के लिए डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर, पं. जवाहरलाल नेहरू और अन्य लोगों ने मिलकर कई कानून बनाए हैं. अगर हम स्वभाव से दलित विरोधी होते तो ऐसा नहीं होता. वे (भाजपा) दलित विरोधी हैं. भाजपा का लक्ष्य के एजेंडे को आगे बढ़ाना है। वे दूसरों के बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने खुद गरीबों के लिए, दलितों के लिए कभी कुछ नहीं किया. वे उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसा कर रहे हैं.



## जिलें की चारो विधानसभाओं में 841410 मतदाताओं ने किया मतदान

# 444781 पुरुष और 396615 महिला तथा 14 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का किया उपयोग

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिलेभर में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। चारो विधानसभा में मतदाताओं द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मतदान किया गया। जिले की चारों विधानसभा में कुल 841410 मतदाताओं ने मतदान किया। इस दौरान 444781 पुरुष मतदाओं और 396615 महिला मतदाताओं सहित 14 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया।जिले की बुधनी विधानसभा में कुल 232263 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 122896 पुरुष तथा 109361 महिला मतदाता एवं 6 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। आष्टा विधानसभा में 233251 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 123835 पुरुषों और 109414 महिला मतदाताओं तथा दो अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। इछावर विधानसभा में 194970 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 103106 पुरुषों और 91864 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। सीहोर विधानसभा में 180926 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 94944 पुरुषों और 85976 महिला मतदाताओं तथा 6 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया।चारो विधानसभा में कुल 83.86 प्रतिशत हुआ मतदानविधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले की चारो विधानसभा में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मतदान समाप्ति के पश्चात निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त प्राथमिक जानकारी के अनुसार जिले की चारो विधानसभा में कुल 83.86 प्रतिशत मतदान हुआ। बुधनी विधानसभा में 84.07 प्रतिशत, आष्टा में 84.29 प्रतिशत, इछावर में 85.73 प्रतिशत तथा सीहोर विधानसभा में 81.37 प्रतिशत मतदान हुआ।एग्जिट पोल के परिणाम का प्रकाशन, 7 से 30 नवम्बर तक प्रतिबंधित रहेगासीहोर। 9मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 7 नवम्बर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6ः30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# आईटीबीपी फोर्स के जवानों को दी विदाई



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना** /जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती मतदान केंद्रों में की गई थी। सुरक्षा बलों की विभिन्न कंपनियों ने मतदान कार्यक्रम को संपन्न कराने मतदान दलों की रवानगी, मतदान केंद्रों में मतदान के दौरान क?ी सुरक्षा एवं मतदान दलों की सकुशल वापसी का मोर्चा संभाले रखा। मतदान कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के बाद आईटीबीपी के जवानों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये विदाई दी। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झा? एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार उपस्थित रहे।

# सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, विधि-सम्यक मतदान संपन्न

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना जिले के सभी विधानसभाओं में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और पारदर्शी तरीके व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने जिले में निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों, मतदाताओं, सुरक्षा बलों, मीडिया कर्मियों आदि के प्रति आभार



व्यक्त किया है।कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन कार्य से संबद्ध प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, जिला अधिकारियों और कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कर्मियों की लगन, निष्ठा और क?ी मेहनत की वजह से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष रूप से दिव्यांग मतदाताओं, 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मतदान के पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के लिये आभार जताया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि निर्वाचन की आचार संहिता लगने के पहले से जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों ने निर्विघ्न चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए जो मेहनत की थी वह फलीभूत हुई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी शासकीय कर्मियों की सराहना की है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्वाचन कार्य के कव्हरेज में रचनात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए जिले के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# पोल्ड ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रुम में सुरक्षित रखी गई

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना विधानसभा निर्वाचन 2023 में सतना और मैहर जिले की सभी सात विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन के लिए 17 नवंबर को शाम 6 बजे तक हुए मतदान के उपरांत मतदान दलों की वापसी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में हुई। मतदान दलों की वापसी का क्रम देर रात्रि तक जारी रहा। चित्रकूट, रैगांव सतना और नागौद विधानसभा के मतदान दलों ने स्कूल के सामने से प्रवेश कर और मैहर, अमरपाटन तथा रामपुर बघेलान विधानसभा के मतदान दलों ने विद्यालय के पिछले गेट से प्रवेश कर विधानसभावार पंडालों में काउंटर पर ईवीएम मशीन और मतदान सामग्री वापस जमा कराई। मतदान दलों की वापसी के दौरान शील्ड ईवीएम और वीवीपैट को क?ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम के साथ मतगणना स्थल पर बनाए गए विधानसभावार स्ट्रांग रूम में लाकर पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा, भारत निर्वाचन आयोग की प्रेक्षक डॉ एम हरि जवाहरलाल, अंजना एम, मानवेंद्र सिंह, रोहित जामवाल और अभ्यर्थियों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर्स ने स्ट्रांग रूम को सील कराया। अब यह ईवीएम मशीनें मतगणना दिवस 3 दिसंबर को प्रातः 8 बजे स्ट्रांग रूम खोलकर मतगणना के लिए गणना कक्षों में पहुंचाई जाएंगी।

# प्रेक्षकों की उपस्थिति में हुई मतदान केंद्रों के दस्तावेजों की संवीक्षा


**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान के दूसरे दिन शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के नवीन भवन में गत दिवस संपन्न हुए मतदान के समस्त मतदान केंद्रो से प्राप्त प्रारूप 17'क' तथा अन्य दस्तावेजों की संबंधित विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक, प्रत्याशियों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर्स द्वारा संवीक्षा की कार्यवाही संपादित की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार तथा एआरओ भी उपस्थित थे।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतदान सामग्री जमा स्थल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में चल रही विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रो की संवीक्षा की प्रक्रिया का जायजा लिया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी विधानसभा क्षेत्रों के संपूर्ण मतदान केंद्रो में ऐसे मतदान केंद्र जिनमें औसत मतदान से 15 प्रतिशत अधिक या कम मतदान होता है, उनके पीठासीन अधिकारी द्वारा दी गई रिपोर्ट और प्रारूप 17'क' की संवीक्षा प्रेक्षक की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाती है। संवीक्षा में पाया गया कि विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट, रैगांव, नागौद, सतना, मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान के सभी मतदान केंद्रों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत विधि-सम्यक मतदान संपादित हुआ है। इसलिए किसी भी विधानसभा के किसी मतदान केंद्र में पुनर्मतदान (रीपोल) की आवश्यकता नहीं है।मतदान केंद्रो के दस्तावेजों की संवीक्षा के दौरान चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र की प्रेक्षक मानवेंद्र सिंह की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर जितेंद्र वर्मा, रैगांव और नागौद के प्रेक्षक राम केवल की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर एसके गुप्ता और एपी द्विवेदी ने अभ्यर्थियों तथा प्रतिनिधियों के बीच संवीक्षा की। इसी प्रकार सतना विधानसभा क्षेत्र रिटर्निंग ऑफिसर नीरज खरे ने प्रेक्षक डॉ एम हरि जवाहरलाल, मैहर के रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश जादव ने प्रेक्षक अंजना एम तथा अमरपाटन की रिटर्निंग ऑफिसर आरती यादव और रामपुर बघेलान के रिटर्निंग ऑफिसर आरएन खरे ने प्रेक्षक रोहित जामवाल की उपस्थिति में अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रो के दस्तावेजों की संवीक्षा की। सतना और मैहर जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन में हुए मतदान की मतगणना 3 दिसंबर को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में निर्धारित मतगणना स्थलों पर प्रातः 8 बजे से शुरू की जाएगी।

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर और एसपी ने दिया भिण्ड की जनता को धन्यवाद

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक असित यादव ने भिण्ड की जागरूक जनता को धन्यवाद दिया है। भिण्ड के सभी मतदान केद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो चुका है।कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि भिण्ड की जागरूक जनता ने अपना परिचय दिया है, यह हम सबके लिए एक आशा का भाव है, मतदान के दौरान सब जगह शांति रही और आम जनता ने पूर्ण सहयोग, निष्पक्षता के साथ मतदान किया है।मतदान के इस महापर्व में आम जनता ने भाग लेकर अपनी सक्रिय



भागीदारी निभाई है भिण्ड की जागरूक जनता को इसके लिए धन्यवाद देते हैं इसके साथ ही कलेक्टर और एसपी ने पांचों विधानसभा के सभी प्रत्याशियों को भी सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है। सभी जगह चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है और पोलिंग पार्टियों को भी बिना किसी समस्या के मतदान कराने में सुविधा भी रही है।निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार इस बार मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक के लिए रखा गया था। इससे मतदान प्रतिशत भी बड़ा है। पुरुष और महिलाओं ने समान रूप से मतदाता होने का फर्ज निभाते हुए मतदान किया है इस बार युवा मतदाताओं के द्वारा भी बड़ी संख्या में भाग लेकर मतदान किया गया यह लोकतंत्र के एक मजबूत स्तंभ के लिए बहुत जरूरी भी था।



# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिन मनाया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वालों में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद, सत्य प्रकाश गोयल एडवोकेट,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, भागीरथ सिंह,चांद मोहम्मद,अजीत सिंह तोमर,सतीश चंद जैन,राघवेंद्र राजू ,फिरोज खान,मुन्नालाल,जाहिद खान,सुनील शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हार्डगुड प्राइमरी स्कूल के प्रिंसिपल हिरेन मेकवान ने छात्रों को छुट्टियों के दौरान लेकर पढ़ाई करने की सुविधा देने के लिए एक अभिनव प्रयोग अपनाया





**ब्यूरो चीफ नील कुमार**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

आनंद/गुजरात। विलेज वॉल्स स्पीक के तहत कक्षा 1 से 8 तक की 70 से अधिक शिक्षण सामग्री के फ्लेक्स बैनर जगह-जगह लगाए गएदानदाताओं के आर्थिक सहयोग से गांव में ही 900 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है दिवाली की छुट्टियां शुरू हो गई हैं. छुट्टियों के दौरान कुछ बच्चे अपने माता-पिता के साथ अलग-अलग जगहों की यात्रा करेंगे और छुट्टियों का आनंद लेने के साथ-साथ दिवाली और नए साल का जश्न मनाएंगे। इस छुट्टी के दौरान बच्चों को पढ़ाई से रोकने के लिए आनंद जिले और तालुका के पीएम श्री प्राइमरी गुजराती स्कूल हदगुड के मुख्य शिक्षक ने गामी दिवालो कुक्के है% नाम से एक अनोखा प्रयोग किया है।जब हम किसी स्कूल में प्रवेश करते हैं, तो स्कूल और कक्षा की दीवारों को शैक्षिक साहित्य से सजा हुआ देखना बहुत स्वाभाविक है। लेकिन अगर ऐसे अध्ययनपरक बैनर पूरे गांव में सार्वजनिक स्थानों और दुकानों के बाहर सजाकर लगाए जाएं तो आश्चर्य होगा। यह आणंद जिले के हदगुड गांव के मेहनती और ऊर्जावान प्रधान शिक्षक श्री हिरेनभाई मेकवान की नवीनतम पहल है।एक सच्चा शिक्षक कक्षा की दीवारों को ख़त्म कर देता है और दुनिया को कक्षा में ले आता है। लेकिन छुट्टियों के दौरान छात्र अपनी पढ़ाई से अलग न हो जाएं, इसका क्या? इस समस्या के समाधान के रूप में, गाँव को स्कूल के बाहर भी शैक्षिक बनाने के लिए गनी दिवालो कुक्के चेन नामक एक नवीन प्रयोग के माध्यम से गाँव की सार्वजनिक दीवारों और सड़कों पर शिक्षण सामग्री के 70 से अधिक फ्लेक्स बैनर लगाए गए हैं ताकि छात्र-छात्राएं छुट्टियों के दौरान पढ़ाई करना न भूलें।जिसमें 1 से 100 तक की संख्याएं और 1 से 10 और 11 से 20 तक के घंटे और उनके चार्ट, पर्यायवाची और विलोम शब्द, भारत के राज्य और उनकी राजधानियां, केंद्र शासित प्रदेश, राज्य प्रतीक, विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के जीवन विवरण, आनंद जिले के सूचनात्मक विवरण, सामाजिक कक्षा-1 से 8 तक के पाठ्यक्रम से संबंधित विज्ञान, गणितीय शब्दों सहित विभिन्न विषयों की जानकारी मूल्योन्मुख शिक्षा प्रदान करने वाली सामग्रियों के साथ प्रदर्शित की गई है। विद्यालय में अध्ययनरत 900



विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराकर शैक्षिक वातावरण तैयार किया गया है।सार्वजनिक सड़कों और गाँव की दुकानों के बाहर शिक्षण सामग्री के बैनर स्टैंड भी लगाए गए हैं। छात्र स्टोर पर खरीदारी के साथ-साथ पढ़ाई भी कर सकें, इसके लिए एक पहल की गई है। उच्च कोटि की सोच विकसित करने वाली शिक्षण सामग्री के फ्लेक्स बैनर बनाकर जनभागीदारी से इस अभिनव प्रयोग को सफल बनाया गया है। गांव में शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए हैडगूड गांव के कुल 1000 वर्ग फीट क्षेत्र को शैक्षणिक सामग्री से कवर किया गया है। अपने आप।नए प्रयोग में न केवल हार्डगुड प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले 900 छात्र बल्कि अन्य स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र भी खेलना, सेल्फ स्टडी करना और छुट्टियों के दौरान स्कूल और शैक्षिक साहित्य से जुड़े रहना सीखते हैं। हाडगुड गांव में कक्षा 1 से 8 तक के लगभग 1500 से अधिक छात्र इससे लाभान्वित होकर शैक्षणिक रूप से अधिक सक्षम होंगे।एक शिक्षक का कर्तव्य केवल स्कूल और स्कूल के घंटों तक ही सीमित नहीं है, जैसा कि हेडगुड प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर हिरेनभाई मेकवान ने स्पष्ट रूप से समझाया है।

# ढोला में राजकीय कार्मिक ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



पुष्पांजलि टुडे नेटवर्क संवाददाता
नरेश कुमार सीरवी पाली राजस्थान
अजय कुमार जैन की रिपोट

**जवाली/खौड़।** स्वीप के विशेष कार्यक्रम सतरंगी सप्ताह के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। ढोला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी प्रेमसिंह परमार ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीपके तहत विभिन्न विभागो के कार्मिकों ने आगामी 25 नवम्बर 2023 को मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक मतदान करने व प्रत्येक मतदाता का प्रोत्साहित, उत्साहित एवं वोट डालने, मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के उद्देश्य के लिए कर्तव्य पथ पर,राष्ट्र हित में विशेष स्लोगन के तहत आमजन तक पहुंचाने के लिए गांव के विभिन्न गली मोहल्ले में मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी प्रेमसिंह परमार, डॉ. परमेंद्रसिंह, रविंद्रसिंह कनिष्ठ सहायक,आसाराम परमार कनिष्ठ सहायक, दिनेशसिंह राजपुरोहित बूथ लेवल अधिकारी जगदीश बिश्नोई, शैतानसिंह मीणा, मोहम्मद इमरान, पंचायत शिक्षक दिनेश कुमार मेघवाल, अचलाराम मीणा,करणवीरसिंह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समेत राजकीय कार्मिक उपस्थित रहे।

### जनता ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बनाया : पूर्व मुख्यमंत्री राजे

# भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का किया आह्वान

पुष्पांजलि टुडे नेटवर्क संवाददाता
नरेश कुमार सीरवी पाली राजस्थान

**जवाली सिरोही ।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती वसुंधरा राजे ने चुनावी अभियान तहत शुक्रवार को सिरोही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ओटाराम देवासी के समर्थन में सघन चुनावी जनसंपर्क किया। उन्होंने करीब एक दर्जन सभाओं को संबोधित किया। राजे ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता के हरवर्ग के साथ धोखा किया है। राजस्थान की जनता इसे उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। राजे ने जनता से सिरोही-शिवगंज विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ओटाराम देवासी को चुनाव में भारी बहुमत से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने का आह्वान किया।राजे ने अपनी चुनावी सभा में कहा कि प्रदेश की कांगेस सरकार ने



हर वर्ग को धोखा दिया है। कांग्रेस ने वादे खूब किए, लेकिन एक भी वादा समय पर पूरा नहीं किया। इस सरकार ने किसानों के ऋष्ा माफ करने का वादा किया, उसे पूरा नहीं किया। बेरोजगारों को भत्ता नहीं दिया। युवकों को नौकरियां नहीं दी। उल्टे पेपर लीक माफिया पनप गए, जिससे युवकों में निराशा है। महिलाओं के प्रति अपराधों में राजस्थान को अव्वल बना दिया। पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने घरेलू बिजली मुफ्त का वादा कर सरचार्ज के नाम पर लूट मचाई। गांवो में बिजली आती ही नही है तो फ्री कहने में कहा हर्ज है कांग्रेस की सारी घोषणाएं जनता के साथ छलावा किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में काम करने वाली भाजपा को चुनने और भारत के विकास की गति को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। कांग्रेस को राजस्थान से विदाई देने के 25 नवम्बर को अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प दिलवाया। भाजपा प्रत्याशी ओटराम देवासी ने कहा कि अपने बीच मे जो बहरूपिया बन कर घूम रहा है जो पहले रोया, फिर सोया फिर मंत्री पद खोया। लोगो पता चल गया है इस बेहरुपीये का। तत्कालीन भाजपा सरकार में जो काम हुए वो निर्दलीय विधायक लो[ा अपने काम गिना कर विकास विकास कर रहा है। विकास के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती भूषण राजा जी का भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश कोठारी द्वारा सिरोही की प्रसिद्ध तलवार देकर स्वागत किया गया। साथ ही भाजपा प्रत्याशी ओटाराम देवासी ने चुनरी ओढा कर स्वागत किया। एक मौके पर जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी, मोर्चो के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ईवीएम मशीनों को सुरक्षित तरीके से जमा कराने का काम देर रात तक जारी रहा

# ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट मशीनें स्ट्रांग रूम में रखी गई,ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गई ट्रिपल लेयर की सुरक्षा व्यवस्था,ईवीएम की सुरक्षा पर रहेंगी सीसीटीवी कैमरों की निगाहें

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मतगणना 3 दिसम्बर को होगी उसी दिन खुलेगा स्ट्रॉन्ग रूम**

**भिण्ड ।** जिले में मतदान पूर्ण होने के बाद ईवीएम मशीनों को सुरक्षित तरीके से जमा कराने का काम देर रात तक चलता रहा। मतदान के बाद ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट मशीनें आईटीआई परिसर भिण्ड में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रख दी गई हैं। आई टी आई परिसर में विधान सभावार ही स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए है। सभी स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर 24 घंटे अर्ध सैनिक बल के जवान तैनात रहेंगे। स्ट्रांग रूम में रखी ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट की सुरक्षा के लिए ट्रिपल लेयर सिक्योरिटी का इंतजाम किया गया है।स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बीएसएफ, एसएएफ एवं जिला पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगाया गया है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की निगाहें भी ईवीएम की सुरक्षा पर लगातार रहेंगी। 24 घंटे स्ट्रांग रूम पर निगरानी रखी जाएगी। कंट्रोल रूम से भी लगातार निगाह रखी जाएंगी।सभी प्वाइंट 24 घंटे सीसीटीवी की सुरक्षा में रहेगा, इसका लिखित रिकॉर्ड भी रखा जाएगा। कब, किस सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी लगी है, इसकी भी लिखित जानकारी रखी जायेगी, सुरक्षा अधिकारियों के साथ राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के आने-जाने का भी लिखित रिकॉर्ड रखा जायेगा। अगर किसी प्रत्याशी को स्ट्रॉन्ग रूम के पास सुरक्षा के लिए रहना है,तो उसे पहले इसकी लिखित जानकारी देनी होगी। लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें स्ट्रॉन्ग रूम के अंदरूनी हिस्से में जाने की इजाजत नहीं होगी। प्रत्याशी स्ट्रॉन्ग रूम के इंट्री प्वाइंट को दूर से देख सकते हैं। ।अगर स्ट्रॉन्ग रूम के इंट्री प्वाइंट को सीधे देखने की व्यवस्था नहीं है तो सीसीटीवी कैमरे के जरिए इंट्री प्वाइंट को दिखाया जाएगा। तीन दिसम्बर की सुबह से मतगणना शुरू होगी, उसी दिन प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम खोला जायेगा।।

# पहली बार वोट डाल कर बहुत खुश हुये आयशा जीशान

**मध्य प्रदेश।** विधानसभा क्षेत्र नरेला भोपाल के मतदान केन्द्र शासकीय माध्यमिक विद्यालय



नरेला भोपाल में दोनो भाई बहन आयशा जीशान ह्य/श रफीक हुसेन ने उत्साह पूर्वक पहली बार मतदान किया। बेटी आयशा ने कहा कि मैंने लाईन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और यह संदेश दिया कि नियम के साथ काम करते हुये हमें यह पता चलता है कि हमारी व्यवस्थायें सुदृढ हैं। उन्होंने अपने मत का प्रयोग करके खुशी व्यक्त की। सभी मतदाताओं से भी कहा है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।भाई जीशान ने कहा कि आज मतदाताओं के लिये महत्वपूर्ण दिवस है। हर मतदाता को लोकतंत्र के इस पर्व पर अपने मत का प्रयोग करके एक ईमानदार जनप्रतिनिधि को चुनने का मौका मिलता है। सभी लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिये।

# विधानसभा चुनाव के सर्वाधिक मतदान को लेकर पिछोर की जनता ने की एसडीएम की सराहना

### 85 प्रतिशत से अधिक मतदान के साथ साथ 297 मतदान केंद्रों पर कराया शांतिपूर्ण मतदान

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**पिछोर** ,कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्रकुमार चौधरी के निर्देशन पर पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजीव समाधिया द्वारा होने वाले विधानसभा चुनाव में जिले की सभी विधानसभायों में पिछोर में सर्वाधिक 85 प्रतिशत से अधिक मतदान शांतिपूर्ण होने पर क्षेत्र की जनता, जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों ने की प्रशंसा। एसडीएम समाधिया के आदेश पर भाजपा तथा कांग्रेस के दोनो प्रत्याशियों को नजर बंद किए जाना पूरे क्षेत्र में सबसे बड़ा साहसिक कार्य और मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है अधिकांश लोगों का मानना है की पिछोर के पिछले 30 वर्षों के इतिहास में सबसे व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण चुनाव रहा है।इसके साथ साथ निर्वाचन



ड्यूटी में लगे मतदान दलों के कर्मचारियों द्वारा पार्टियों को सामग्री वितरण की व्यवस्था से लेकर भोजन तथा रुकने की व्यवस्थायों को लेकर बाहर से आए हुए कर्मचारियों ने की सराहना। पिछोर विधानसभा क्षेत्र अतिसंबेदनशील होने के बाबजूद भी किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना देखने को नहीं मिली, प्रायः यह सुनने में आ रहा था की चुनाव में किसी भी तरह की कोई भी घटना देखने को मिल सकती है।किंतु प्रशासन की सख्त व्यवस्थायों को लेकर चुनाव शांतिपूर्ण स्थिति में संपन्न हुआ,जिसमे एसडीओपी ( पुलिस)प्रशान्त शर्मा तहसीलदार एसएस गुर्जर तथा थाना प्रभारी शिवसिंह यादव द्वारा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए जगह जगह पुलिस बल तैनात किए गए थे।एसडीएम समधिया द्वारा बताया गया कि निर्वाचान में वोटों का प्रतिशत बढ़ाने में तथा शांतिपूर्ण चुनाव कराने में हमारे अधिनस्त अधिकारियों,कर्मचारियों के साथ पिछोर की जनता का भी हमे सहयोग मिला है।

# ज्ञान का क्षयोपक्षम पाने के लिए ज्ञान पंचमी की उपासना आराधना करनी चाहिए


**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू ।** श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्ति पूजा जैन संघ एलन पुरम श्रीरामपुरम बेंगलुरु में मुनिश्री राजपद्मसागर जी मुनि श्री श्रमणपद्मसागर जी के सौभाग्यशाली निश्रा में ज्ञान पंचमी-सौभाग्य पंचमी की आराधना हुई महाराज साहब ने ज्ञान पंचमी की साधना एवं आराधना की विशेष माहिती बताते हुए कहा जो व्यक्ति ज्ञान की उपासना आराधना करता है उसके जीवन में सोचने का, देखने का, दुखों को कैसे स्वीकार करने का, पूरा नजरिया बदल जाता है, और जो ज्ञान की विराधना करता है उसको दूसरे भव में शरीर बराबर नहीं मिलता कोई मुंगा कोई बोबड़ा या हाथ पैर बिना का जन्म मिलता है, जिस प्रकार से सुंदरी ने ज्ञान की



एवं ज्ञानी की विराधना की थी किताबें फाड़ दी थी, किताबें को जला दिया था, तो दूसरे भव में जैन कुल तो मिला अरिहंत परमात्मा का शासन तो मिला, अच्छे कुल में जन्म मिला धर्ममय वातावरण में उसका पालन पोषण हुआ, लेकिन वह जन्म से ही मुंगी थी शरीर बराबर नहीं मिला था, एक दिन उस नगर के वहां पर चार ज्ञान के धनी महाप्रभावक आचार्य भगवंत श्री विजयसेनसुरीश्वर जी महाराज का आगमन हुआ और उसको देखकर के आचार्य भगवंत ने ज्ञान पंचमी की आराधना बतलाई, ओर गुणमंजरी ने आराधना करते हुए ज्ञानावरणीय कर्म को खपाया अच्छा हो गया।इस प्रकार से जिनको याद नहीं रहता, ज्ञान नहीं चढ़ता उसको ज्ञान पंचमी की आराधना करनी चाहिए। संघ सचिव नरेंद्र आछा ने बताया कि पूज्य महाराज साहब का विदाई समारोह रविवार को ठीक 7~30 बजे प्रारंभ होगा एवं जिसमें सेवार्थ मंडलों का अभिनंदन भी किया जाएगा

# भीड़ बढ़ेगी तब रेलवे सुरक्षा बल सतर्क रहें: एडीआरएम



**ग्वालियर ।** उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन ( आरडी मौर्य ने शुक्रवार की शाम ग्वालियर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर छठ पर्व पर प्लेटफार्म व ट्रेनों में भीड़ प्रबंधन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन में चेन पुलिंग के बाद ब्रेक रिलीज करने की प्रक्रिया को देखने के साथ ही रेल सुरक्षा बल व शासकीय रेल पुलिस के जवानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।एडीआरएम ने टिकट जांच कर्मियों को प्लेटफार्म पर विशेषकर जनरल कोच और अधिक भीड़ वाले स्थान पर यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात रहने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों को ट्रेन में चड़ने और उतरने में यथासंभव सहयोग करने को कहा। उन्होंने स्टेशन पर औचक निरीक्षण कर सभी प्लेटफार्म पर गाड़ियों के आगमन पर रेलकर्मियों के साथ ही आरपीएफ व जीआरपी स्टाफ की टीम की मुस्तैदी की परख की। उन्हें विशेष हिदायत देते हुए कहा कि गाड़ी के सामान्य कोचों पर कम से कम एक सुरक्षाकर्मी व टिकट जांच कर्मी जरूर तैनात रहेगा। अनाउंसमेंट से लगातार यात्रियों को ज्वलनशील पदार्थ आदि लेकर यात्रा न करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्टेशन निदेशक लालाराम सोलंकी, स्टेशन प्रबंधक सहित अन्य निरीक्षक व पर्यवेक्षक मौजूद थे।

**कोचों में लाकिंग व्यवस्था का लिया जायजा**–दीपावली के दिन बुंदेलखंड एक्सप्रेस के एसी कोच में लगी आग की घटना के बाद एडीआरएम ने ट्रेनों के स्पेयर कोचों में लाकिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने यार्ड में खड़ी ट्रेनों का भी जायजा लिया और संबंधित स्टाफ को लाकिंग व्यवस्था के लिए सतर्क और सजग रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्लेटफार्म क्रमांक चार की ओर तैयार की जा रही वाशेबल एप्रन के साथ ही स्टेशन पुनर्विकास योजना के अंतर्गत केपीसी इंफ्रा कंपनी द्वारा कराए जा रहे

# मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में मध्य प्रदेश पुलिस के अलावा बीएसएफ अर्थात सीमा सुरक्षा बल ने बहुत ही अहम भूमिका निभाई



राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**करैरा,।** चुनाव खत्म करवाने के बाद अपनी ड्यूटी का पालन करते हुए आज फिर खाद्य वितरण केंद्र पर जाकर खाद्य वितरण करवाया तथा पिछले दिन चुनाव ड्यूटी पर तैनात अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर पूरी तरह मुस्तैदी से व अत्यधिक मेहनत से



चुनाव संपन्न कराया इसके अलावा उत्तर प्रदेश होमगार्ड , मध्य प्रदेश होमगार्ड व मध्य प्रदेश के कोटवार जिन्हें विशेष पुलिस अधिकारी बनाया गया था उन्होंने कड़ी मेहनत करके इलेक्शन की जटिल प्रक्रिया को पूर्ण किया। तथा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की हार्ड ड्यूटी से थकी हुई करैरा पुलिस एक दिन भी चैन से रेस्ट नहीं कर पाई एवं तत्काल नया टारगेट मिला की खाद वितरण कराएं कार्य का स्वरूप चुनाव व खाद्य वितरण का एक ही है की लाइन लगवाना है खाद्य वितरण में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए कार्ड काफी मुश्किल आ रही थी इसलिए तुरंत मौके पर पहुंचकर लोगों को खाद मुहैया कराया गया तब जाकर कहीं क्षेत्र के लोगों ने सुख की सांस ली तथा पुलिस थाना करैरा एस आई शैलेंद्र सिंह चौहान ने अपनी ड्यूटी का पालन किया

# सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के नेताओं ने अपनों के बीच मिटाई थकान, बीमार पिता से मिले सीएम, समर्थकों से घिरे रहे मंत्री

### उपमुख्यमंत्री सिंहदेव का बड़ा बयान, कहा- इस बार सीएम नहीं बनने की स्थिति में यह मेरा अंतिम चुनाव



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को अपनों के बीच ही रहे। वह अपने बीमार पिता नंदकुमार बघेल की तबीयत जानने को रायपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचे। पिता की तबीयत खराब होने की जानकारी सीएम ने खुद अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट एक्स पर दी। सीएम ने लिखा कि चुनाव में व्यस्त होने के चलते उनसे इस बीच नहीं मिल पाया। मेरे पिता मेरे लिए प्रेरणा हैं। अस्पताल में पिता को देख मुख्यमंत्री बघेल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बाबूजी अस्वस्थ हैं। आज उनसे मिलने को मैं अस्पताल पहुंचा हूं। पिताजी का मैंने आशीर्वाद लिया। मेरे पिताजी मेरी प्रेरणा हैं। उनकी जिजीविषा मेरे लिए हमेशा प्रेरणा रही है।

**मतदान के गुणा-भाग में व्यस्त रहे सिंहदेव**–प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी टीएस सिंहदेव लगातार चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे। मतदान के बाद शनिवार को सुबह से कोठी घर में अपने समर्थकों से मिलते जुलते रहे। परिवार के सदस्य भतीजे जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, बहू त्रिशाला सिंहदेव सहित परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा में व्यस्त रहे।

## संपादकीय

# वोट की कोई कीमत नहीं !

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिए अब चुनाव प्रचार बन्द हो चुका है। 17 नवम्बर को छत्तीसगढ़ की शेष 70 सीटों व मध्य प्रदेश की सभी 230 सीटों के लिए इन राज्यों के मतदाता अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करके अपनी मनमाफिक राजनैतिक दल की सरकार का गठन करेंगे। दोनों ही राज्यों में असली मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच हो रहा है और शेष सभी छोटी–मोटी पार्टियों को 'वोट कटुआ' माना जा रहा है। चुनावों में मतदाता जिस वोट के अधिकार का प्रयोग करते हैं वह स्वतन्त्रता संग्राम के महानायक महात्मा गांधी द्वारा उन्हें दिया गया बेशकीमती अहिंसक हथियार है जिस पर भारत का पूरा लोकतन्त्र टिका हुआ है। मगर वोट का अधिकार इस देश के लोगों को अपनी पुरानी पीढिघ्यों की कुर्बानी देने के बाद मिला है क्योंकि उन्होंने न केवल भारत की आजादी की लड़ाई लड़ी थी बल्कि आम भारतीय के स्वाभिमान और नागरिक सम्मान की लड़ाई भी लड़ी थी। महात्मा गांधी ने 1934 में ही घोषणा कर दी थी कि स्वतन्त्र भारत में इसके प्रत्येक वयस्क स्त्री–पुरुष नागरिक को एक वोट का अधिकार देकर संसदीय प्रणाली का लोकतन्त्र अपनाया जायेगा। इससे पहले पं. मोती लाल नेहरू की सदारत में कांग्रेस पार्टी की गठित संविधान समिति ने अपनी रिपोर्ट में साफ कर दिया था कि भारत में राज्यों के संघीय ढांचे के तहत प्रदेशों व केन्द्र के अधिकार अलग–अलग होंगे और इनकी सरकारों का गठन हर पांच साल के लिए प्रत्येक अमीर–गरीब, हिन्दू–मुसलमान, मजदूर–पूंजीपति, शिक्षित–अनपढ़ वयस्क को एक वोट का अधिकार देकर चुनावों के जरिये किया जायेगा। इस मोतीलाल कमेटी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस व मौलाना आजाद भी शामिल थे। मगर 1935 में जब हिन्दोस्तान की हुकूमत पर काबिज ब्रिटिश सरकार ने नया भारत सरकार कानून बनाया और 11 एसेम्बलियों के चुनाव कराने की बात कही तो उसमें वोट का अधिकार केवल जमींदारों, साहूकारों, आयकरदाताओं व उच्च शिक्षित लोगों को दिया गया। यह संख्या उस समय बामुश्किल दस प्रतिशत से कुछ अधिक बैठती थी। परन्तु जब 1946 में भारत का संविधान लिखा जाना शुरू हुआ तो इसमें मोती लाल कमेटी की लगभग सभी प्रमुख सिफारिशों का समावेश हुआ। संविधान लिखने वाले डा. बाबा साहेब अम्बेडकर ने गांधी का आशीर्वाद लेकर ही संविधान लिखा, हालांकि उनके कुछ वैचारिक मतभेद अपनी जगह पर थे, मगर बाबा साहेब गांधी जी के इस सिद्धान्त से पूरी तरह सहमत थे कि भारतीय लोकतन्त्र में एक राजा–महाराजा को जो राजनैतिक अधिकार मिले वह किसी रिक्शा खींचने वाले और खेत में मजदूरी करने वाले व्यक्ति के बराबर ही हो। अतः भारतीय संविधान में एक समान मताधिकार का कानून बनाया गया और सदियों से साहूकारों व महाजनों और राजा–महाराजाओं के शासन में गुलामों की तरह जीवन जीने वाले लोगों को नये भारत का 'राजा' वोट के अधिकार के माध्यम से बनाया गया। अतः भारत के लोगों को मिले इस एक वोट की कोई कीमत नहीं आंकी जा सकती। मगर भारत चूंकि विभिन्न धर्मों को मानने वालों व विभिन्न जातियों व संस्कृतियों और क्षेत्रों में बंटा देश है अतः चुनाव लड़ रहे विभिन्न राजनैतिक दल मतदाताओं की धार्मिक व जातिगत आदि की सामाजिक पहचान को आगे रख कर वोटों की गोलबन्दी करने के प्रयास करते हैं जबकि सजग लोकतन्त्र व्यक्तिगत रूप से मतदाता के सशक्तिकरण की बात करते हुए राष्ट्र को मजबूत बनाने की बात करता है और यह काम हर चुनाव में मतदाता अपनी स्थिति में आये बदलाव का जायजा लेकर कर सकता है। इसके लिए उसे सत्ता पर पिछले पांच साल से काबिज रही पार्टी की सरकार के कामों का आकलन करके करना पड़ता है। इसका मूलभूत पैमाना शिक्षा, गरीबी का स्तर, महंगाई, रोजगार, स्वास्थ्य व उसकी आमदनी में आनुपातिक इजाफा होता है। हम देख रहे हैं कि पिछले एक महीने से इन दो राज्यों समेत कुल पांच राज्यों में राजनैतिक घमासान चल रहा है और भाजपा व कांग्रेस के नेता अपना–अपना विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। मगर अब चुनाव प्रचार बन्द हो चुका है और जनता मन बना चुकी है कि उसे किस पार्टी को जिताना है और किस को हराना है। चुनावों में हार–जीत का भी सिद्धान्त होता है कि जिस पार्टी का भी चुनावी विमर्श लोगों को पसन्द आता है वही पार्टी जीत जाती है। मगर ऐसा करने के लिए जरूरी होता है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने वोट का इस्तेमाल करने के लिए मतदान केन्द्र तक जायें। अतः हम इन राज्यों की जनता से केवल यही अपील कर सकते हैं कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। इस मामले में भी हमारे देश के गांव बहुत आगे रहते हैं जहां मतदान का प्रतिशत शुरू से ही शहरों के मुकाबले अधिक रहता आया है।

# इजराइल और युद्ध अपराध

**आदित्य नारायण**

*इजराइल की बदले की कार्रवाई से ज्यादातर लोग निर्दोष आम फिलस्तीनी नागरिक हैं। यह युद्ध पहले की लड़ाइयों से अलग है। यह युद्ध ऐसे वक्त में छिड़ा है जब मध्यपूर्व को विभाजित करने वाली रेखाओं के टूटने की गूंज सुनाई दे रही है।*

इजराइल और युद्ध के 39वें दिन गाजा में हमास की संसद पर इजराइली सेना ने कब्जा कर लिया है और वहां अपना झंडा भी फहरा दिया है। हमास के पास ऐसी कोई ताकत नहीं है जो इजराइली सेना आईडीएफ को रोक सके। गाजा में चारों तरफ अराजकता का माहौल है। नागरिक हमास के ठिकानों को लूट रहे हैं। हमास के लड़ाके घ्दक्षिण की ओर भाग रहे हैं। युद्ध में अब तक 11 हजार से ज्यादा फिलस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। जबकि 1400 के लगभग इजराइली मारे जा चुके हैं। गाजा के नागरिकों का अब हमास की सरकार में कोई विश्वास नहीं रहा है। हमास की संसद यानि फिलस्तीनी विधान परिषद 2007 से हमास के नियंत्रण में था जिसमें अब इजराइली सैनिक बैठे हुए हैं। कुछ दिन पहले इजराइल ने कहा थाघ्क गाजा को दो हिस्सों उत्तर और दक्षिण में बांट दिया गया है। उत्तर गाजा की सड़कों पर दर्जनों शव पड़े हुए हैं। अस्पतालों को भी इजराइल ने निशाना बनाया है। ऊल–कुदस अस्पताल और ऊल–शिफा अस्पताल में हमलों के चलते मासूम बच्चे मारे गए हैं। अस्पताल कब्रगाह बन चुके हैं। इजराइल का आरोप है कि इन अस्पतालों के नीचे हमास के लड़ाकों का कमान सैंटर है। इजराइल का कहना है कि वह आरपार की लड़ाई लड़ रहा है और वह बंधकों की सुरक्षित रिहाई तक युद्ध जारी रखेगा। ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि हमास इजराइली बंधकों की रिहाई के लिए तैयार हो गया है। इजराइली हमलों में मारे गए 4500 बच्चों को लेकर कोहराम मचा हुआ है। यह साफ है कि युद्ध में मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हुआ है। इजराइल की बदले की कार्रवाई से ज्यादातर लोग निर्दोष आम फिलस्तीनी नागरिक हैं। यह युद्ध पहले की लड़ाइयों से अलग है। यह युद्ध ऐसे वक्त में छिड़ा है जब मध्यपूर्व को विभाजित करने वाली रेखाओं के टूटने की गूंज सुनाई दे रही है। पिछले दो दशकों में घ्बिखरे हुए मध्यपूर्व के राजनीतिक परिदृश्य में सबसे गम्भीर विभाजन ईरान के मित्र देशों और अमेरिका के सहयोगी देशों के बीच देखा गया है। अक्सर 'प्रतिरोध की धुरी' कहे जाने वाले 'ईरानी नेटवर्क' में लेबनान का हिजबुल्लाह, सीरिया की बशर अल–असद हुकूमत, यमन के हुथी विद्रोही और इराकी मिलिशिया शामिल हैं. इराकी मिलिशिया को ट्रेनिंग और हथियार दोनों ही ईरान से मिले हैं। ईरान गाजा पट्टी में हमास और फिलस्तीन इस्लामी जिहाद का भी पुरजोर समर्थन करता है। दूसरी ओर, ईरान रूस और चीन से भी अपनी नजदीकियां बढ़ा रहा है। यूक्रेन में चल रहे रूस के युद्ध में ईरान एक महत्वपूर्ण भागीदार बन गया है। चीन ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है। जब तक गाजा में युद्ध जारी रहेगा, और जब तक इजराइल फिलस्तीनी लोगों को मारना और उनके घरों को बर्बाद करना जारी रखेगा, तब तक दोनों पक्षों के और अधिक सदस्यों के संघर्ष में शामिल होने का जोखिम बना रहेगा। इजराइल और लेबनान की सीमा पर धीरे–धीरे तनाव बढ़ता जा रहा है। न तो इजराइल और न ही हिजबुल्लाह आर–पार की लड़ाई चाहते हैं। मध्यपूर्व के तेल सम्पदा वाले देश मिस्त्र, जार्डन अमेरिका के साथ हैं। गाजा हमले के खिलाफ सऊदी अरब के रियाद में मुस्लिम देशों के नेताओं की बैठक में तुरंत संघर्ष विराम और फिलस्तीनी मुद्दे के समाधान की मांग की गई। सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों को लागू करने में दोहरे मानदंडों का मुद्दा उठाते हुए पश्चिमी देशों की खामोशी की आलोचना की। लेकिन जब ईरानी राष्ट्रपति और कुछ अन्य देशों ने इजराइल और उसके सहयोगी देशों को तेल की सप्लाई रोकने तथा आर्थिक और राजनयिक संबंध तोड़ने का प्रस्ताव रखा है तो इस प्रस्ताव का विरोध भी हुआ। इसका अर्थ यही है कि मुस्लिम देश भी एकमत नहीं थे। संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन समेत कुछ देशों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने 2020 में इजराइल के साथ राजनयिक संबंध बहाल किए थे। अरब लीग के कुछ देश ऐसे हैं जिनके इजराइल के साथ आर्थिक संबंध हैं। ऐसे में इस्लामी देश इजराइल पर कोई भी दबाव बनाने में विफल रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इजराइल गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करना चाहता है। जून 1967 के युद्ध में पश्चिमी किनारे, पूर्वी यरुशलम और सीरिया की गोलान की पहाड़ियों के साथ–साथ गाजा पर इजराइली फौज के कब्जे के साथ यह पट्टी इजराइल के लिए सुरक्षा की समस्या बन गई है। अब फिर गाजा में रहने वाले लाखों लोग शरणार्थी बन चुके हैं। यह स्पष्ट है कि बहुत बड़ी मानवीय त्रास्दी पैदा हो चुकी है। बड़ी संख्या में शवों को दफनाने के लिए जमीन में गड्ढे खोदे जा रहे हैं। बेघर हुए लाखों लोगों के पुनर्वास के लिए कोई पहल नहीं की जा रही। इन लोगों कोघ फिर से बसाने के लिए कौन पहल करेगा। खतरनाक हो चुकी जंग में युद्ध अपराध हो रहे हैं। 1939 से 1945 तक दूसरा विश्व युद्ध हुआ। इस युद्ध में साढ़े पांच करोड़ से ज्यादा लोग मारे गए। इस विश्व युद्ध में पहले परमाणु बम का इस्तेमाल घ्हुआ। ऐसी तबाही फिर न हो इसे रोकने केघ लिए 1949 में जेनेवा सम्मेलन में युद्ध के नियम बनाए गए। इसमें तय किया गया कि युद्ध के दौरान आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया जा सकता। रिहायशी इलाकों, स्कूलों, कालेजों और अस्पतालों को निशाना नहीं बनाया जा सकता। आम नागरिकों के लिए बनाए गए कैम्पों पर भी हमला नहीं किया जा सकता लेकिन इजराइल ने सभी सीमाएं तड़ दी हैं और मानवता कराह रही है। हमास के आतंक का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। कब होगा युद्ध विराम कुछ कहा नहीं जा सकता।

# कैसे बरकरार रहे लोकतंत्र की शोभा

हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे? फौजियों का गोश्त कौवों को खिलायेंगे। फिल्म चाइना गेट के ये संवाद है। जिन्हें फिल्म में जगीरा का किरदार निभाने वाले अभिनेता मुकेश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय की चुनावी सभा में सुनाया। इस पर सभा में उपस्थित लोगों ने तो तालियां बजाई ही, खुद भाजपा प्रत्याशी भी इस पर ताली बजाते दिखे। फिल्म में जिस पृष्ठभूमि में ये संवाद बोले गए, वो अलग बात है, मगर चुनाव प्रचार में इन संवादों के बोले जाने पर सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इन संवादों पर सवाल उठाए और कहा कि इन गुणों की हमें जरूरत नहीं, ये भाजपा को ही मुबारक। तो भाजपा ने पलटवार कर दिया कि अब कांग्रेस फिल्मी संवाद में भी राजनीति तलाश रही है। भाजपा और कांग्रेस के तर्कों में कौन सही है और कौन गलत, ये तय करने का काम चुनाव आयोग का है, बशर्ते ये मामला आयोग तक पहुंचे। इतना जरूर है कि अगर किसी और मंच या मौके पर इन संवादों पर कोई आपत्ति नहीं करता। मगर चुनाव के दौरान खास तौर पर ये कहना कि हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे, लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे, निश्चित ही अशोभनीय लग रहा है। चुनाव प्रचार में लोकतंत्र की शोभा बनी रहे, यह जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। कड़वी सच्चाई है कि सत्ता हासिल करने के लिए शातिर चालें चली जाएंगी, हथकंडे अपनाए जाएंगे, वोट हासिल करने के लिए साम–दाम–दंड–भेद सभी तरीकों का इस्तेमाल भी होगा। अगर ये मान लिया जाए कि सभी उम्मीदवार नैतिकता की मिसालें कायम करते हुए पूरी ईमानदारी से चुनाव लड़ेंगे तो यह खुद को धोखा देने वाली बात है। हकीकत यही है कि चुनाव में जहां मौका मिलेगा, वहां बेईमानी होगी, चाहे वो किसी भी तरह की हो। इसलिए देश में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है, उसे हर तरह के राजनैतिक दबाव से मुक्त रखा गया है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो सकें। चुनाव में होने वाली बेईमानियों पर अंकुश लग सके। अफसोस है कि निर्वाचन आयोग से लोकतांत्रिक देश के नागरिकों को जो उम्मीदें थीं, वो उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। देश की जांच एजेंसियों से भी ऐसी ही निराशा हाथ लगी है। ऐसा लग रहा है मानो इन सबकी डोर एक ही जगह बंधी है और वहीं से सारे खेल खेले जा रहे हैं। इन डोरियों से बंधी संस्थाओं में कब किसको किस मौके पर उठाना है, कितना आगे बढ़ाना है, कितना पीछे खींचना है, ये सब कोई और ही तय कर रहा है। जनता को केवल मंच पर होने वाली हलचल दिख रही है, उसके पीछे क्या चल रहा है, इसका अहसास ही नहीं हो रहा। जिस मध्यप्रदेश में कमीनापन जैसे निम्नस्तरीय शब्द को चुनावी मंच से कहा गया, उसी मध्यप्रदेश में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द सिंह तोमर के सुपुत्र देवेंद्र सिंह तोमर से जुड़े कुछ वीडियो पिछले दिनों वायरल हुए। सत्ता के खेल में सीडी, वायरल वीडियो, फोन टैपिंग जैसे हथियारों का इस्तेमाल अब नयी बात नहीं रह गई है। राजनैतिक दल अक्सर चुनाव के वक्त इन्हें एक–दूसरे के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। श्री तोमर के बेटे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें शुरुआती दो वीडियो में पहले सौ और फिर पांच सौ करोड़ के लेन–देन की बात की गई है और इसके बाद एक तीसरा वीडियो भी आया, जिसमें एक शख्स ने दावा किया कि पहले दो वीडियो में उसी से देवेंद्र तोमर की बातचीत हो रही थी। उसने बताया कि मामला सौ–पांच सौ नहीं, दस हजार करोड़ का है। इसके अलावा विदेश में गांजे की खेती की बात भी इस शख्स ने की। तोमर परिवार के सदस्यों के साथ व्हाट्स ऐप संदेशों के आदान–प्रदान से लेकर उनके आवास पर पार्सल भिजवाने जैसे कई खुलासे इस शख्स ने किए और साफ–साफ कहा कि कोई मीडिया संस्थान उनसे संपर्क करेगा तो वो सारे सबूत दे देंगे। न खाऊंगा, न खाने दूंगा। सारे भ्रष्टाचारियों का हिसाब लूंगा। ऐसे दावे करने वाले नरेन्द्र मोदी के लिए ये एक प्रकरण काफी था कि वे तुरंत हरकत में आते और अपनी केबिनेट के एक वरिष्ठ मंत्री का नाम इस मामले में सामने आने पर उनसे इस्तीफा लेकर नैतिकता के उच्च मापदंड का परिचय देते। देश की ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियां चुनाव तभी संभव है, जब उसमें बेनामी पैसे या काले धन का इस्तेमाल नहीं हो। अगर बात दस हजार करोड़ की है, तो क्या आयोग ये सोचकर निश्चिंत बैठा रह सकता है कि इस रकम से एक धेला भी चुनाव में इस्तेमाल नहीं हो रहा होगा। असल में ये वीडियो लोकतंत्र की नींव पर रखे टाइम बम के समान हैं, जो फटेंगे तो सब कुछ चिथड़ा–चिथड़ा हो जाएगा। मगर सरकार और जिम्मेदार एजेंसिया जिस तरह इससे बेपरवाह नजर आ रही हैं, उनसे और अधिक चिंता हो रही है।




जो जरा सी भनक के आधार पर विपक्षी नेताओं के ठिकाने पर बड़े पैमाने पर छापेमारी कर उनसे घंटों पूछताछ के उदाहरण पेश कर चुकी है, वो जांच एजेंसियां न जाने क्यों अब तक मध्यप्रदेश नहीं जा पाई हैं। जबकि उससे लगे छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ईडी, सीबीआई का आना–जाना लगा रहता है। चुनाव आयोग के कान भी इस वीडियो को देखकर खड़े हो जाने चाहिए थे, क्योंकि स्वतंत्र और फिल्म दुनिया के लोगों के जूतों में ड्रग्स को सूंघ कर कार्रवाई करने वाले नारकोटिक्स विभाग को क्या इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि देश में बैठा कोई शख्स विदेश में जमीन लेकर गांजे की खेती की योजना बना रहा है। आखिर ये गांजा उगाकर किस बाजार में बेचने की तैयारी हो रही है। इन वीडियो के सामने आने के बाद देश में ऊपर से नीचे तक हड़कंप मच जाना चाहिए था। नरेन्द्र सिंह तोमर इन वीडियो को झूठा बताकर जांच की मांग कर रहे हैं। जबकि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की ही सरकारें हैं, तो उनके लिए और आसान है कि वे जांच के आदेश दें। देश भी तो यही चाह रहा है कि इन वीडियो का सच सामने आए। लड़ने के लिए कमीनापन नहीं. सही मायनों में हिम्मत की जरूरी होती है। क्या मोदी सरकार ये हिम्मत दिखाएगी।

# सुरंग में फंसी जिंदगियां

अपेक्षाकृत नयी हिमालय पर्वत शृंखलाओं में बड़े संरचनात्मक निर्माण कार्यों को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते रहे हैं। खासकर जोशीमठ शहर के धंसने व हिमाचल में बढ़ते भूस्खलन के खतरों के बाद यह मांग विशेषज्ञों व आम लोगों के स्तर पर तेज हुई। बीते रविवार को सुबह जब देश दीपावली मनाने की तैयारी कर रहा था तो उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरासू व बड़कोट के बीच सिल्क्यारा के निकट निर्माणाधीन सुरंग में मलबा गिरने से चालीस मजदूरों की जिंदगी में अंधेरा छा गया। दिवाली मनाने की तैयारी कर रहे बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा व उत्तर प्रदेश के इन श्रमिकों के परिजन सदमे के अंधेरे में डूब गए। दरअसल, ऑलवेदर रोड बनाने के क्रम में सिल्क्यारा की तरफ से सुरंग में 270 मीटर अंदर करीब तीस मीटर क्षेत्र में ऊपर से यह मलबा गिरा। अब पूरे देश को चिंता इन कामगारों की जान बचाने की है। वैकल्पिक रास्तों से ऑक्सीजन व भोजन देने के प्रयास हो रहे हैं। निस्संदेह, घुप्प अंधेरे में जीवन व मौत के बीच झूलते ये श्रमिक भारी मानसिक दबाव से गुजर रहे होंगे। बुधवार को दो श्रमिकों की तबीयत खराब होने की बात सामने आई। अब कोशिश है कि मशीन के जरिये 36 इंच की ड्रिल करके एक पाइप डालकर फंसे श्रमिकों को बाहर निकाला जाए। केंद्र सरकार भी हादसे को लेकर गंभीर है और सबसे बड़े मालवाहक हैलीकॉप्टर के जरिये एक हैवी ड्रिल मशीन उत्तराखंड पहुंच चुकी है। एक ड्रिल मशीन के खराब होने के बाद बुधवार को हैवी ड्रिल मशीन हवाई मार्ग से मंगवाई गई। यह मशीन एक सौ बीस मीटर तक टनल बना सकती है, जिससे बचाव कार्य में तेजी आएगी। मशीन को टनल तक ले जाने के लिये ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। साथ ही मशीन के लिये काम करने का ढांचा भी तैयार कर लिया गया है। श्रमिकों के परिजनों समेत पूरा देश प्रार्थना कर रहा है कि फंसे श्रमिक शीघ्र सुरक्षित बाहर निकलें। बहरहाल, केंद्र व राज्य सरकार समेत तमाम बचाव कार्य से जुड़े संगठन धंसी सुरंग में फंसे लोगों को बचाने में जुटे हैं। लेकिन फिर भी सुरंग निर्माण कार्य में वह वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने में चूक जरूर हुई है, जो ऐसी स्थिति में श्रमिकों के बचाव में सहायक हो सकती है। साथ ही पहाड़ की संवेदनशीलता का भी ध्यान रखना जरूरी था। खासकर जोशीमठ में शहर धंसने व लगातार बढ़ी भूस्खलन की घटनाओं के मद्देनजर अतिरिक्त सावधानी जरूरी थी। लंबे समय से हिमालयी रीजन में संवेदनशील इलाकों में संरचनात्मक विकास से जुड़े हादसों को ध्यान रखते हुए विकास नीति पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत महसूस की गई है। निस्संदेह, सिल्क्यारा सुरंग बहुचर्चित चारधाम हाईवे प्रोजेक्ट का एक भाग



है, जिसको लेकर विगत में भी सवाल उठे थे। यह मामला कालांतर में शीर्ष अदालत तक भी पहुंचा था और इसे क्षेत्र के पारिस्थितिकीय संतुलन के लिये घातक बताया गया था। जिस बाबत सरकार ने कोर्ट में दलील दी थी कि परियोजना देश की सुरक्षा के लिये अपरिहार्य है। कोर्ट ने इस आधार पर प्रोजेक्ट को मंजूरी भी दी थी। निस्संदेह, चीन की तरफ से लगातार मिल रही चुनौती के मद्देनजर हर मौसम में काम करने वाली चौड़ी सड़क की जरूरत है ताकि जल्दी से सेना की कुमुक सीमांत इलाकों में पहुंचाई जा सके। फिलहाल, देश की प्राथमिकता फंसे श्रमिकों को बचाने की है। लेकिन कालांतर इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए कि सुरंग धंसने की वजह क्या है। जाहिर है सुरंग बनने से पहले पहाड़ी इलाके में वैज्ञानिक तरीके से भौगोलिक अध्ययन हुए होंगे। पता लगाया जाना चाहिए कि बड़े प्रोजेक्टों के साथ जमीन धंसने की घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। पर्यावरणविद् लंबे समय से इस हिमालयी क्षेत्र में बड़ी विकास परियोजनाओं का विरोध करते रहे हैं। क्या ऐसे प्रोजेक्ट बनाते समय विशेषज्ञों की सिफारिशों पर अमल होता है? क्या आज हमें हिमाचल व उत्तराखंड में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है? जरूरत इस बात की भी है कि संवेदनशील पहाड़ी इलाकों की स्थिति को महसूस करते हुए विकास का स्वरूप तय किया जाए।

## स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता खेलेगी मीरजापुर की अंकिता, मेरठ में मचाएगी धमाल

**मीरजापुर।** जमालपुर के शेखापुर गांव निवासी अंकिता यादव का माध्यमिक विद्यालयीय अंडर 19 सीनियर बालिका स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए विंध्याचल मंडल की टीम में चयन हुआ है। एसडी इंटर कालेज मेरठ में 17 से 21 नवंबर तक स्टेट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अंकिता तीन या चार नम्बर पर बल्लेबाजी करेगी। माता आशा देवी गृहिणी एवं पिता हरिशंकर यादव छोटे जोत के किसान हैं। अंकिता श्रीमती देवकली इंटर कालेज जमालपुर में कक्षा 11 की छात्रा है। गुरूवार की दोपहर चुनार से अंकिता अपनी मंडल की टीम के साथ ट्रेन से स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए मेरठ रवाना हुई। चयन पर परिवार समेत साथियों ने खुशी जताया।



## शेफाली बनी यूपी टीम की सहायक प्रशिक्षक

**प्रयागराज।** शिवामोग्गा (कर्नाटक) में 17 से 25 नवम्बर तक होने वाली अंडर-15 वूमेन वनडे ट्रॉफी क्रिकेट के लिए शहर की शेफाली साहू को उत्तर प्रदेश की टीम का सहायक प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है।

यूपी टीम पंजाब के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। भावापुर निवासी स्वर्गीय संतोष साहू एवं मधु साहू की पुत्री शेफाली यूपीसीए की लेवल वन प्रशिक्षक हैं। इन्हे पहली बार यूपी टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शेफाली को डॉ जूली ओझा, रितेश जायसवाल, अरुण कुमार आदि ने बधाई दी है।


शेफाली साहू

## यूईएफए यूरो 2024 के लिए आधिकारिक मैच बॉल का किया गया अनावरण

**बर्लिन।** यूईएफए और एडिडास ने बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में यूरो 2024 के लिए आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण किया।गेंद को फुटबॉल के प्रति प्रेम के लिए जर्मन में फ़सबॉललिबे नाम दिया गया है। वहीं, गेंद पर प्रत्येक मेजबान शहर के नाम के साथ टूर्नामेंट के प्रत्येक स्टेडियम का चित्रण किया गया है।एडिडास फुटबॉल में उत्पाद और डिजाइन के उपाध्यक्ष सैम हैंडी ने कहा, ÷इस आधिकारिक मैच बॉल को डिजाइन करते समय, हम टूर्नामेंट की ऊर्जा और विविधता और यूरोप में फुटबॉल के प्रति प्रेम से प्रेरित थे। इस बात को ध्यान में रखते हुए, हम आशा करते हैं कि फ़सबॉललिबे जहां भी प्रदर्शित होगा, वहां खुशी लाएगा।' यूईएफए यूरो 2024 अगली गर्मियों में जर्मनी के दस शहरों, बर्लिन, कोलोन, डॉर्टमुंड, डसेलडोर्फ, फ्रैंकफर्ट, गेल्सेंकिर्चेन, हैम्बर्ग, लीपज़िग, म्यूनिख और स्टटगार्ट में खेला जाएगा।



## विश्व कप फाइनल होगा खास, वायु सेना विमान 'सूर्य किरण दिखाएगा हवा में करतब

**अहमदाबाद।** भारतीय वायुसेना की 'सूर्य किरण एरोबैटिक टीम' 19 नवंबर को यहां खेले जाने वाले क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच से पहले 'एयर शो' पेश करेगी। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।रक्षा विभाग के गुजरात के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने बताया कि सूर्य किरण एरोबेटिक (हवाई जहाज की कलाबाजी) टीम मोटेरा इलाके के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले फाइनल ये पहले दस मिनट तक अपने करतब से लोगों को रोमांचित करेगी।पीआरओ ने एक बयान में कहा कि एयर शो का अभ्यास शुक्रवार और शनिवार को होगा। भारत बुधवार को न्यूजीलैंड को हराकर पहले ही वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंच चुका है। भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम में आमतौर पर नौ विमान शामिल होते हैं और इसने देश भर में कई एयर शो किए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराया, फाइनल में भारतीय टीम से होगी भिड़ंत

**कोलकाता।** आईसीसी विश्व कप 2023 के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 3 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। रविवार 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला भारत से होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की ओर से मिले 212 के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट के नुकसान पर प्राप्त कर लिया। कंगारू टीम के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने डेविड वार्नर के साथ मिलकर शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने 6 ओवर में 61 रन जोड़े। हालांकि सातवें ओवर पर पहली गेंद पर वार्नर 29 रन बनाकर आउट हो गए। टीम के स्कोर में एक रन का इजाफा ही हुआ था कि मिशेल मार्श भी शून्य के व्यक्तिगत स्कोर पर चलते बने। तब हेड का साथ देने आए स्टीव स्मिथ ने धैर्य से बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। तभी 106 के कुल योग पर ट्रेविस हेड 62 रन बनाकर केशव महाराज के शिकार बने। वहीं स्टीव स्मिथ की 30 रनों की पारी और मार्कस लाबुसेन (18) व जोश इंग्लिश (28) की कोशिशों ने टीम को जीत के और पास ला दिया। हालांकि जीत के लिए जरूरी रन कप्तान पैट कमिंस (14) और मिशेल स्टार्क (16) ने बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए तबरेज शम्सी और गेराल्ड कोएट्ज ने दो-दो विकेट झटके, जबकि रबाडा, मार्करम और केशव महाराज को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 212 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेविड मिलर ने 101 रन और हेनरिक कलासेन ने 47 रन पारी खेली। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाजी कंगारू गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। इस तरह पूरी टीम 49.4 ओवर में ही 212 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस ने तीन-तीन विकेट झटके। जबकि जॉश हैजलवुड और ट्रेविस हेड को दो-दो सफलता मिली।



## उप्र सरकार नई खेल नीति के तहत दे रही सीधे नौकरी : अवनीश अवस्थी

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बराबर प्रोत्साहन दे रही है और अब तो नई खेल नीति के तहत उनको सीधे नौकरी का भी प्रावधान है। इसलिए खिलाड़ियों को चाहिये कि पूरे मनोयोग से खेल पर ध्यान दें और नई खेल नीति का लाभ उठायें। इस नीति के तहत डिप्टी एसपी तक का पद रखा गया है। यह बातें गुरुवार को कानपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निजी सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कही।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतरीन तोहफा दे रही है। राष्ट्रीय और अंतर–राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री के निजी सलाहकार अवनीश अवस्थी ने बताया कि यूपी सरकार की जो नई खेल नीति आई है, उसमें सीधे खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी तक बनाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि बहुत से खिलाड़ियों को राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में स्थान दिया है। इसलिए खेल और खिलाड़ियों को देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करने के लिए यह बहुत ही अच्छा अवसर है।

अवनीश अवस्थी कानपुर में बने द स्पोर्ट्स हब में आयोजित 70वीं टीएसएच स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए थे। उन्होंने उद्घाटन करने के बाद टेबल टेनिस पर अपने हाथ आजमाए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने टीएसएच के बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। इसलिए यूपी सरकार इस दिशा में काम कर रही है।



## यूएसपीएल : शिकागो पैट्रियट्स ने अपने दूसरे मैच में की जीत के साथ वापसी

**फ्लोरिडा।** लॅ्ड ऑफ क्रीड़ा की फ्रेंचाइजी, शिकागो पैट्रियट्स ने यूनाइटेड स्टेट्स क्रिकेट प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के अपने पहले सीज़न के दूसरे मैच में जीत के साथ वापसी की। यूएसपीएल के मौजूदा दूसरे सीज़न में अपना पदार्पण करने वाली शिकागो पैट्रियट्स को अपने पहले मैच में फ़िलीज़ यूनाइटेड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

आईसीसी और यूएसए क्रिकेट द्वारा स्वीकृत यूएसपीएल का दूसरा सीज़न 13 नवंबर, 2023 को शुरू हुआ है जिसकी मेजबानी फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम कर रहा है। अमेरिका में जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए इस लीग का आयोजन किया जाता है। यूएसपीएल का लक्ष्य देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में क्रिकेट को मुख्य खेलों में से एक के रूप में स्थापित करना भी है। कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स के खिलाफ मैच में पैट्रियट्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता मिला था । उन्होंने नौवें ओवर में 45 रन के स्कोर पर चार शुरुआती विकेट खो दिए, जिसमें उप-कप्तान नीतीश कुमार ने 31 रन बनाए। जहमर हैमिल्टन और जोशुआ ट्रॉम्प ने पांचवें विकेट के लिए 94 रनों की शानदार साझेदारी निभाई, जिससे पैट्रियट्स को 20 ओवर में 164/9 के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचने में मदद मिली। हैमिल्टन ने 58 रन बनाए जबकि जोशुआ ने 39 रन बनाकर उनका साथ दिया। मैरियन लोब्बन (4 विकेट) और रेमन रीफ़र (3 विकेट) गोल्डन ईगल्स के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ थे।जवाब में, गोल्डन ईगल्स ने पावरप्ले में अली शेख और अखिलेश बोडुगम के प्रभावी गेंदबाज़ी से शुरुआती विकेट खो दिए। अली शेख ने अंडर-19 भारतीय टीम के पूर्व कप्तान, उन्मुक्त चंद को भी वापस भेजा जिस कारण से गोल्डन ईगल्स लक्ष्य का पीछा करने में गति नहीं प्राप्त कर सकी और 11वें ओवर में 56 रन पर अपनी आधी टीम गंवा दी।




## 'फुटबॉल के प्रशंसक ज्यादा शोर मचाते हैं या क्रिकेट के', IND vs NZ मैच देख दुविधा में पड़े डेविड बैकहम

**मुंबई।** दिग्गज फुटबॉलर डेविड बैकहम बुधवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम के जोशीले माहौल से मंत्रमुग्ध हो गए। बैकहम उस मैच के गवाह बने जिसमें विराट कोहली ने वनडे में 50वां शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, मोहम्मद शमी ने सात विकेट लेकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया और भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। बैकहम ने जब सचिन तेंदुलकर के साथ स्टेडियम में प्रवेश किया तो हजारों दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। स्टार फुटबॉलर ने वानखेड़े के माहौल को देखकर कहा, 'ऊर्जा से भरपूर, जोशीला और अविश्वसनीय।' लेकिन वह यह तय नहीं कर पा रहे थे कि फुटबॉल के प्रशंसक ज्यादा शोर मचाते हैं या क्रिकेट के। उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं क्या। मैं हमेशा फुटबॉल के प्रशंसक कहूंगा लेकिन आज यहां का माहौल देखकर मैं अब पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता। यहां का माहौल अविश्वसनीय है। दर्शकों ने पूरे माहौल को जोशीला बना रखा है इसलिए मैं इसको लेकर निश्चित नहीं हूं।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें बैकहम ने कहा कि वानखेड़े स्टेडियम के अनुभव ने उन्हें रोमांचित कर दिया। उन्होंने कहा, 'स्टेडियम में प्रवेश करते ही मैं रोमांचित हो गया था। इसने कुछ खास था। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि मैं सचिन के साथ था जिससे यह और विशेष बन गया था। लेकिन मैं स्टेडियम के भीतर की ऊर्जा को महसूस कर सकता था।' बैकहम यूनिसेफ के सद्भावना एमबेस्ड़र के रूप में भारत आए हैं। वह 2005 से यह भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने तेंदुलकर और भारतीय टीम के खिलाड़ियों से मिलने को बेहद खास करार दिया। उन्होंने कहा, 'मैं सचिन से पहली बार विंबलडन में मिला था और तब उनसे मिलना बहुत खास था। वह विशिष्ट व्यक्ति हैं। इसलिए उनके घर में उनके साथ कुछ समय बिताना और खिलाड़ियों से मिलना भी बहुत खास रहा।'



## विश्व शतरंज चैम्पियन बनने का लक्ष्य है - आर वैशाली

**नई दिल्ली।** भारत की महिला शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली अब सिर्फ ग्रांड मास्टर आर प्रज्ञानन्दा की बहन बस नहीं है , वो खुद अब शतरंज ग्रांड मास्टर बनने के बेहद करीब है साथ ही फीडे ग्रांड स्विस जीतकर उन्होने महिला विश्व चैम्पियन बनने की ओर कदम बढ़ाते हुए फीडे कैंडिडैट मे स्थान बना लिया है , वैशाली ऐसा करने वाली कोनरु हम्पी के बाद दूसरी खिलाड़ी है । वैशाली नें गत वर्ष फीडे शतरंज ओलंपियाड में भी पदक जीता था , विश्व टॉप 10 में दस्तक दे रही । यह बहुत अच्छा एहसास है , यह दुनिया के सबसे कड़े टूर्नामेंट में से एक था दुनिया के शीर्ष 50 के अधिकतर खिलाड़ी यहाँ पर खेल रही थी , इस टूर्नामेंट के ठीक पहले मैंने कतर मास्टर्स में अपना आखिरी ग्रांड मास्टर्स नार्म किया था और मैं अपने खेल के बारे आत्मविश्वास से भरी हुई थी पर हाँ मैंने इस तरह की जीत के बारे में नहीं उम्मीद की थी , इस तरह का टूर्नामेंट का जीतना बड़ी बात है ।




## पांड्या की टखने की चोट ने किया काम खराब, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से बाहर

**मुंबई।** मौजूदा आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान टखने की चोट के कारण टीम इंडिया को संभवत- 2023 के अंत तक ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की कमी खलेगी। पांड्या विश्व कप 2023 के मैच में टखने में चोट लगने के बाद से एक्शन से बाहर हैं। गुजरात टाइटंस के कप्तान की जगह विश्व कप 2023 टीम में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पांड्या अगले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के साथ-साथ अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों में भी नहीं खेल पाएंगे। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज लिटन दास के एक शॉट को रोकने की कोशिश में ऑलराउंडर फिसल गए थे। पांड्या इसके बाद असहज दिख रहे थे। बाद में उन्हें पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ले जाया गया और फिर मौजूदा विश्व कप से बाहर कर दिया गया। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने अभी तक यह फैसला नहीं किया है कि क्या पांड्या को सर्जरी की जरूरत है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 'दो हफ्ते पहले, पांड्या को नेट्स में गेंदबाजी करने के लिए कहा गया था और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोचों ने उन्हें धीरे-धीरे गति बढ़ाने की सलाह दी थी। सपोर्ट स्टाफ नहीं चाहता था कि उनके टखने पर ज्यादा दबाव पड़े। पता चला है कि पांड्या को पहली तीन गेंदों में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने अगली गेंद के लिए अपनी गेंदबाजी की तीव्रता बढ़ाने का फैसला किया। चौथी गेंद के दौरान उनके पैर में थोड़ा दर्द महसूस हुआ' पांड्या ने सहयोगी स्टाफ को अपने दाहिने टखने में महसूस हो रहे दर्द के बारे में बताया। एनसीए की मेडिकल टीम ने एक और दौर का स्कैन कराने का फैसला किया। विश्व कप से बाहर होने पर पांड्या ने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'इस तथ्य को पचाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के शेष भाग में नहीं खेल पाऊंगा। मैं पूरी भावना के साथ टीम के साथ रहूंगा और हर खेल की हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करूंगा। सभी की शुभकामनाओं, प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, यह अविश्वसनीय है। यह टीम विशेष है और मुझे यकीन है कि हम सभी को गौरवान्वित करेंगे। गौर हो कि 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने अब तक 92 टी20आई मैचों में 1,348 रन बनाए हैं और 73 विकेट लिए हैं। 86 वनडे मैचों में पांड्या ने 1,769 रन बनाए हैं और 84 विकेट लिए हैं। ऐसी उम्मीद थी कि पांड्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों के ब्रेक लेने की संभावना है, लेकिन चयनकर्ताओं को अगले हफ्ते टीम का नेतृत्व करने के लिए एक नए कप्तान की घोषणा करनी होगी।



## रवि शास्त्री को विश्वास, सचिन के 100 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं कोहली

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रवि शास्त्री का मानना ??है कि विराट कोहली की तैयारी और शारीरिक प्रदर्शन के प्रति मांगलिक दृष्टिकोण उन्हें प्रतिष्ठित सचिन तेंदुलकर के 100 टन के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए तैयार करता है। आत्मविश्वास से भरपूर कोहली भारतीय दिग्गज को पीछे छोड़ते हुए 50 वनडे शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। अपनी 117 रनों की पारी के साथ कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 80 शतक लगाए हैं जो अभी भी सचिन के 100 शतकों से बीस पीछे हैं।

आईसीसी समीक्षा में बोलते हुए शास्त्री को लगता है कि सचिन के मायावी रिकॉर्ड की बराबरी करने की कोहली की संभावनाओं को खारिज करना अभी भी संभव है। उन्होंने कहा, 'किसने सोचा होगा कि जब सचिन तेंदुलकर ने 100 शतक बनाए थे तो कोई भी उनके करीब आ जाएगा और उन्होंने 80, 80 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए हैं, उनमें से 50 एक दिवसीय मैच में हैं और जो उन्हें सर्वोच्च बनाता है। ऐसे खिलाड़ियों के कारण कुछ भी असंभव नहीं है, जब वे शतक बनाने की फिराक में रहते हैं, फिर वे उन्हें बहुत तेजी से बनाते हैं। उनकी अगली 10 पारियों में, आप पांच और शतक देख सकते हैं। आपके पास खेल के तीन प्रारूप हैं और वह उन सभी प्रारूपों का हिस्सा हैं। यह सोचने के लिए कि उनके पास अभी भी तीन या चार साल हैं, उनका प्रदर्शन आश्चर्यजनक है।'

उन्होंने कोहली के धैर्य की भी प्रशंसा की, जो उन्हें खेल से पहले फिट और तैयार रहने में मदद करता है। न्यूजीलैंड पर भारत की जीत के दौरान उनकी शांति प्रदर्शित हुई। उन्होंने पारी की शुरुआत में ही अपना विकेट लगभग खो दिया था, लेकिन वह बच गए। उस समय से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और रिकॉर्ड तोड़ 117 रन बनाकर मेन इन ब्लू को जीत की ओर अग्रसर किया। पूर्व क्रिकेटर और भारतीय टीम के मुख्य कोच ने कहा, 'मुझे लगता है कि उनका धैर्य, सिर्फ उनकी शारीरिक भाषा, उनका संयम, क्रीज पर उनकी शांति बता रही थी। मैंने उन्हें पिछले विश्व कप में देखा है जहां वह गर्म टिन की छत पर बिल्ली की तरह खड़े दिखते हैं। वह आगे बढ़ना चाहते हैं। यहां ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने अपना समय लिया है, अपने गार्ड को चिह्नित किया है, दबाव को कम किया है, खुद को समय दिया है और पारी में गहरी बल्लेबाजी की अपनी भूमिका को समझा है। और वह अद्भुत रहे हैं।' कोहली रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप फाइनल में वापस आएंगे।



## हार्दिक पांड्या के चोटिल होने से टीम में आए Mohammed Shami, 6 मैचों में ही बन गए सुपरस्टार

**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी जैसे ही अपने रन अप को पूरा करते हैं तभी विराट कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में दर्शकों से उनका हौसला बढ़ाने का इशारा किया जिन्होंने खुशी से कहना मानते हुए जोर से 'शमी, शमी' चिल्लाना शुरू कर दिया। इससे विश्व कप में शमी के कद को साफ देखा जा सकता है, वह इस टूर्नामेंट में गेंदबाजी में भारत के सुपरस्टार हैं। वह बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले सुपरस्टार बल्लेबाज कोहली की बराबरी पर हैं। ऐसा सिर्फ बुधवार रात न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण नहीं है बल्कि अब वह जसप्रीत बुमराह से भी आगे गेंदबाजी के अकेले अगुआ दिख रहे हैं जिसके लिए उनका गेंदबाजी प्रदर्शन भी समर्थन करता है।

विश्व कप में 23 विकेट ले चुके शमी ने विश्व कप के 6 मैचों में 23 विकेट अपने नाम किए हैं जिसमें 3 बार वह 5 या इससे अधिक विकेट चटका चुके हैं और इसमें उनका स्ट्राइक रेट 10.9 का है जो हैरान करने वाला है। इन 2 चीजों में वह टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ रहे हैं। लेकिन फिर भी आंकड़े पूरी कहानी नहीं बयां करते क्योंकि दिलचस्प बात है कि शमी विश्व कप में भारत के 4 मैच में अंतिम एकादश का हिस्सा भी नहीं थे। भारत 8वें नंबर पर एक बल्लेबाजी आल राउंडर उतारना चाहता था ताकि अगर शीर्ष क्रम जल्दी आउट हो जाए तो अंत में एक अतिरिक्त बल्लेबाज मौजूद रहे।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 307 अंक उछला

**मुंबई/ नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 306.55 अंक यानी 0.47 फीसदी की उछाल के साथ 65,982.48 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.75 अंक



यानी 0.46 फीसदी की बढ़त के साथ 19,765.20 पर बंद हुआ है। अमेरिका में महंगाई दर में उम्मीद से ज्यादा कमी आने से शेयर बाजार की धारणा मजबूत हुई है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 682.44 अंक तक चढ़ गया था। संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह और आईटी शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में तेजी रही। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व में प्रमुख रूप से तेजी रही। वहीं, दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बीएसई का सेंसेक्स 742 अंक की तेजी के साथ 65,675 पर बंद हुआ था और एनएसई का निफ्टी 231 अंक की तेजी के साथ 19,675 के स्तर पर बंद हुआ था।

## 'सनातन अर्थव्यवस्था' का 25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार, कुल खर्च 100 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा

**नई दिल्ली।** देशभर के बाजारों में इस बार दिवाली के त्योहारी सीजन पर हुई जबरदस्त बिक्री ने भारत की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दे दिया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, त्योहारी सीजन के कारोबार ने यह साबित किया है कि भारत में मनाए जाने वाले त्योहार, देश के व्यापार एवं आर्थिक चक्र को कैसे घुमाते हैं। कैट ने इस आयाम को सनातन अर्थव्यवस्था का नाम देते हुए कहा कि देश के व्यापार के लिए त्योहारों का मनाया जाना बेहद ही महत्वपूर्ण है।

एक अनुमान के अनुसार, देश में प्रति वर्ष सनातन अर्थव्यवस्था का यह कारोबार लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। यह आंकड़ा, देश के कुल रिटेल कारोबार का लगभग 20 फीसदी है। यह बेहद स्पष्ट है कि भारत में त्योहार, तीर्थ आदि के कारण बहुत बड़ी धनराशि बाजार चक्र में पहुंचती है। यह राशि, दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, इस कारोबार के मद्देनजर भारत के व्यापारी वर्ष भर में होने वाले विभिन्न त्योहारों के लिए अपनी दुकानों में विशिष्ट प्रबंध करते हैं। खासतौर पर त्योहारी सीजन में बड़ा व्यापार होता है। त्योहारों से देशभर में रोजगार तथा स्व-व्यापार के बड़े अवसर भी उपलब्ध होते हैं। इसके जरिए मध्यम एवं निम्न वर्ग का आर्थिक पक्ष मजबूत होता है। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष सनातन अर्थव्यवस्था का यह कारोबार लगभग 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसे देश के कुल रिटेल कारोबार का लगभग 20 फीसदी कहा जा सकता है।

## जनवरी से अक्तूबर के दौरान हवाई यात्रियों की संख्या 26.98फीसदी बढ़ी, डीजीसीए ने कही यह बात

**नई दिल्ली।** जनवरी 2023 से अक्टूबर 2023 के दौरान घरेलू एयरलाइनों से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 1254.98 लाख (12 करोड़ 54 लाख 98 हजार) पर पहुंच गई। पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 988.31 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी। घरेलू एयरलाइनों में यात्रा करने वालों की संख्या में 26.98त्न की वार्षिक वृद्धि और 10.78त्न की मासिक वृद्धि दर्ज की गई है। एक महत्वपूर्ण मानवीय पहल के तहत भारत की कम लागत वाली एयरलाइन स्पाइसजेट ने इस्राइल के युद्धग्रस्त तेल अवीव से 3000 से अधिक थाई नागरिकों को निकालने के लिए दस विशेष उड़ानों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया। एयरलाइन ने इस महत्वपूर्ण मिशन के लिए अपने एयरबस ए340 विमान का उपयोग किया। 20 से 31 अक्टूबर के बीच सटीक रूप से आयोजित, विशेष उड़ानों में तेल अवीव से बैंकॉक और तेल अवीव से संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा को जोड़ने वाले मार्ग शामिल थे। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए स्पाइसजेट ने इन परिचालनों के दौरान अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में गिरावट का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का मूल्य लुढ़ककर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 74 डॉलर प्रति बैरल पर है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर



पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.15 डॉलर यानी 0.19 फीसदी की बढ़त के साथ 77.57 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 73.02 डॉलर प्रति बैरल पर पर ट्रेंड कर रहा है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था 2024-26 के दौरान 6 से 7.1 फीसदी की दर से बढ़ेगी : एसएंडपी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 से लेकर 2025-26 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना 6 से 7.1 फीसदी की वृद्धि होगी। एसएंडपी ग्लोबल ने जारी अपने अनुमान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-2026 में देश की जीडीपी वृद्धि दर 6 से 7.1 फीसदी सालाना रह सकती है। एजेंसी ने कहा कि इस दौरान मध्यम अवधि में भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं मजबूत बनी रहेंगी।

एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि स्वस्थ कॉरपोरेट बही-खातों और अन्य संरचनात्मक सुधार होने से बैंकों का फंसा कर्ज मार्च, 2025 तक कुल अग्रिम के 3 से 3.5 फीसदी तक घट जाएगा। हालांकि, एसएंडपी ने भारत में ब्याज दरों में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना नहीं होने से बैंकिंग उद्योग के लिए जोखिम भी सीमित होने का अनुमान जताया है।उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के साथ-साथ वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.5




फीसदी आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। वहीं, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है।

## गोयल ने सिलिकॉन वैली के उद्यमियों से की मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई बात

**नई दिल्ली/सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने अमेरिकी दौरे के तीसरे दिन सिलिकॉन वैली के भारतीय मूल के उद्यमियों के साथ मुलाकात की। गोयल ने इस मुलाकात के दौरान उद्यम पूंजीपतियों (वीसी) के साथ अहम मुद्दों पर बातचीत की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक वाणिज्य मंत्री ने बातचीत में शामिल प्रतिनिधियों को अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीयूष गोयल ने दुनियाभर के निवेशकों के लिए भारत को एक बेहतर निवेश गंतव्य बनाने पर भी चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने भारतीय स्टार्टअप ईको-सिस्टम के बारे में अपने विचार साझा



करते हुए उद्यमियों और उद्यम पूंजीपतियों से कहा कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे महत्वपूर्ण और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में काम कर रहे भारत के युवाओं की मदद करें और इसमें अपना योगदान दें। इसके बाद पीयूष गोयल ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रमुख शिक्षाविदों के साथ एक गोलमेज चर्चा में भाग लिया। इससे पहले वाणिज्य मंत्री ने माइक्रोन टेक्नोलॉजी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं अध्यक्ष संजय मेहरोत्रा से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने भारत में बढ़ते सेमीकंडक्टर क्षेत्र में व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा की। इसके अलावा गोयल ने यूट्यूब इंक के सीईओ नील मोहन के साथ अलग द्विपक्षीय बैठक की।

इन द्विपक्षीय बैठकों में गोयल ने भारत में इन कंपनियों की उपस्थिति के संदर्भ में उनकी संभावनाओं पर बातचीत की और भारतीय बाजारों तक उनकी पहुंच बनाने में समर्थन देने का प्रस्ताव दिया। गौरतलब है कि वाणिज्य मंत्री इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (आईपीईएफ) की मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए सैन फ्रांसिस्को में हैं।

## महंगाई पर जोखिम बरकरार, मौद्रिक नीति उपायों व आपूर्ति के मोर्चे पर हस्तक्षेप से मिली राहत

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने कहा कि मौद्रिक नीति उपायों और आपूर्ति के मोर्चे पर हस्तक्षेप से खुदरा महंगाई में कमी आई है, लेकिन हम अब भी मुश्किलों से बाहर नहीं निकले हैं। महंगाई पर जोखिम बना हुआ है और अभी लंबा सफर तय करना बाकी है। हालांकि, त्योहारों के दौरान मांग बेहतर रहने से 2023-24 की अक्तूबर-दिसंबर (तीसरी तिमाही) अवधि में आर्थिक वृद्धि दर तिमाही आधार पर अधिक रहने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक ने जारी नवंबर के बुलेटिन में कहा, सितंबर में खुदरा महंगाई के करीब 5 फीसदी और अक्तूबर में 4.87 फीसदी पर रहना राहत की बात है। लेकिन, वैश्विक हालातों की वजह से अभी कीमतों पर जोखिम बना हुआ है। 2022-23 के पहले सात महीनों में कुल महंगाई में तेजी आई थी। वास्तव में नवंबर, 2022 पहला महीना था, जब खुदरा महंगाई आरबीआई के संतोषजनक 2 से 6 फीसदी के दायरे में आई। खुदरा महंगाई 2022-23 में 6.7 फीसदी और चालू वित्त वर्ष में जुलाई-अगस्त के दौरान 7.1 फीसदी पर पहुंच गई थी। केंद्रीय बैंक ने बुलेटिन में कहा, यूपीआई लेनदेन दो महीने की छोटी अवधि में एक अरब बढ़ा है।?इसके साथ ही, यूपीआई के जरिये लेनदेन की संख्या बढ़कर 11 अरब के स्तर पर पहुंच गई है।?लेख में कहा गया है कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर खर्च, निजी पूंजीगत खर्च में वृद्धि, स्वचालन, डिजिटलीकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलने से निवेश मांग मजबूत बनी हुई है।

## कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटा, डीजल पर एसएईडी में भी कटौती की गई

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में नरमी के बीच सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को घटा दिया है। डीजल पर विशेष अतिरिक्त निर्यात शुल्क (एसएईडी) में भी कटौती की गई है। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक नई दरें गुरुवार, 16 नवंबर से लागू हो गई है। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 9,800 रुपये प्रति टन से घटाकर 6,300 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। इसके साथ ही डीजल के निर्यात पर लागू एसएईडी को दो रुपये प्रति लीटर से घटाकर एक रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। विमान ईंधन एटीएफ और पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क शून्य ही रहेगा। इससे पहले सरकार ने एक नवंबर को कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 9,050 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 9,800 रुपये




प्रति टन कर दिया था। इसके साथ ही डीजल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को भी आधा कर दो रुपये प्रति लीटर कर दिया था। इसी तरह विमान ईंधन पर शुल्क एक रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया था। दरअसल पिछले संशोधन के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड ऑयल की कीमतें नरम हुई हैं, जिसके बाद ये कटौती की गई है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल का औसत मूल्य इस महीने अभी तक 84.78 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहा।

अक्टूबर महीने में यह औसत 90.08 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल, जबकि सितंबर में 93.54 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था।

## बैंक की गलती से कुछ बैंक खातों में गए 820 करोड़ रुपये, करीब दो सौ करोड़ वापस नहीं आए!

**नई दिल्ली।** यूको बैंक में कुछ खाताधारक उस वक्त हैरान रह गए, जब उनके बैंक खातों में अचानक से करोड़ों रुपये जमा हो गए। दरअसल यह बैंक की गलती से हुआ। बैंक की गलती से कुछ बैंक खातों में तत्काल भुगतान सेवा के माध्यम से 820 करोड़ रुपये जमा हो गए। बैंक को जैसे ही अपनी गलती का अहसास हुआ तो बैंक ने पैसे वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की। अब तक बैंक 649 करोड़ रुपये की वसूली कर चुका है।

**गलती की वजह साफ नहीं**

बैंक ने अभी तक स्पष्ट नहीं किया है कि खातों में अचानक से इतनी बड़ी रकम कैसे ट्रांसफर हुई, यह मानवीय भूल से हुआ या फिर तकनीकी गड़बड़ी या हैकिंग की वजह से? बैंक का कहना है कि ट्रांसफर हुई रकम में से 79 प्रतिशत रकम यानी 649 करोड़ रुपये वापस आ गए हैं। हालांकि अभी भी करीब 200 करोड़ रुपये वापस नहीं मिले हैं, जिन्हें वापस



लेने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं इस घटना का असर यूको बैंक के शेयरों पर भी बड़ा है। यूको बैंक के शेयर गुरुवार को 1.1 फीसदी गिरकर 39.39 रुपये पर आ गए। बैंक ने घटना की जानकारी जांच एजेंसियों को दी है।

**रिजर्व बैंक भी जांच में जुटा**

बैंक ने बताया कि उनकी तत्काल भुगतान सेवा में 10 नवंबर से 13 नवंबर तक आंतरिक गड़बड़ी हुई, जिसके बाद बैंक ने अपने तत्काल भुगतान सेवा वाले चैनल को ऑफलाइन कर दिया था। बैंक ने बीएसई को घटना की जानकारी दी है और बताया है कि एहतियाती कदम उठाते हुए बैंक ने उन खातों को ब्लॉक कर दिया, जिनमें गलती से पैसे ट्रांसफर हुए थे। रिजर्व बैंक भी इस गड़बड़ी के कारण की अपने स्तर पर जांच कर रहा है। यूको बैंक ने कहा है कि उनके अन्य सभी अहम सिस्टम परिचालन में हैं। बता दें कि तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) मंच का संचालन नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से किया जाता है।

## सुब्रत रॉय का निधन होने के बाद भी जारी रहेगा सहारा से जुड़ा मामला: सेबी प्रमुख

**मुंबई/नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने गुरुवार को कहा कि सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत रॉय का मंगलवार को निधन होने के बाद भी बाजार नियामक समूह के खिलाफ मामला जारी रखेगा।

सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने यहां भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) एक कार्यक्रम से इतर प्रेस को संबोधित करते हुए यह बात कही। बुच ने कहा कि सेबी के लिए यह मामला एक संस्था के आचरण से जुड़ा है, इसलिए यह मामला जारी रहेगा, चाहे कोई व्यक्ति जीवित हो या नहीं। सेबी प्रमुख ने सहारा समूह के अवितरित धन को निवेशकों को लौटाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के तहत एक समिति है, हम सभी उसी समिति




के तहत कार्रवाई करते हैं। दरअसल, सहारा समूह प्रमुख सुब्रत रॉय के निधन के बाद सेबी के खाते में पड़ी 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अवितरित धनराशि को लेकर तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं। रॉय को अपने समूह की कंपनियों को लेकर कई कानूनी लड़ाइयों का सामना करना पड़ा। इनमें पोंजी योजनाओं में नियमों को दरकिनार करने का आरोप भी है। हालांकि, उनके समूह ने हमेशा इन आरोपों को खारिज किया है।

बाजार नियामक सेबी ने साल 2011 में सहारा समूह की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसआईआरईएल) और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) के खिलाफ एक आदेश पारित किया था। सेबी ने वैकल्पिक रूप से पूर्ण परिवर्तनीय बांड (ओएफसीडी) के रूप में पहचाने जाने वाले कुछ बांडों के जरिए करीब तीन करोड़ निवेशकों से जुटाए गए धन की वापसी का आदेश दिया था।

## ईडी ने अमेरिकी करोड़पति नेविल रॉय सिंघम को भेजा नया समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अमेरिकी करोड़पति नेविल रॉय सिंघम को पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने नेविल रॉय सिंघम को न्यूजक्लिक मामले में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) 2002 प्रावधानों के तहत नोटिस जारी किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ईडी ने अमेरिकी करोड़पति नेविल रॉय सिंघम को ऑनलाइन समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। ईडी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत सिंघम को यह समन जारी किया है। चीन के शंघाई निवासी कारोबारी रॉय सिंघम पर भारत में चीनी प्रोपेगैंडा फैलाने का आरोप है।




केंद्रीय जांच एजेंसी ने विदेश मंत्रालय (एमईए) के माध्यम से सिंघम को उनकी ई-मेल आईडी और चीनी सरकारी चैनलों के माध्यम से ये समन भेजे हैं। माना जा रहा है कि 2021 में मामले की जांच शुरू होने के बाद पिछले साल जारी किए गए समन के बाद ईडी ने नेविल रॉय सिंघम को यह दूसरा समन भेजा गया है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में 25 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ भी शामिल हैं। ईडी ने पिछले साल दक्षिण दिल्ली के साकेत में 4.52 करोड़ रुपये मूल्य का एक फ्लैट जब्त किया था, जो पुरकायस्थ से जुड़ा है। हालांकि, चीन के पक्ष में प्रायोजित खबरें चलाने के लिए चीनी कंपनियों के माध्यम से 38 करोड़ रुपये की फंडिंग के मामले में आरोपित समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक ने हाईकोर्ट से मामलों को रद्द करने की मांग की है।

## आरबीआई ने कड़े किए नियम, बैंकों और गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए तत्काल प्रभाव से लागू हुई नई व्यव

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने असुरक्षित उपभोक्ता और व्यक्तिगत कर्ज के नियम सख्त कर दिए हैं। केंद्रीय बैंक ने उपभोक्ता ऋण के ज्यादा जोखिम भार (रिस्क वेटेज) को 100 फीसदी से बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया। इस फैसले से बैंक और गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों से कर्ज लेना व क्रेडिट कार्ड रखना महंगा हो जाएगा। नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए। आरबीआई के मुताबिक, ये नियम नए और पुराने, दोनों कर्ज पर लागू होंगे। हालांकि, आवास, शिक्षा, वाहन कर्ज और सोने के एवज में लिए जाने वाले कर्ज दायरे से बाहर रहेंगे। माइक्रोफाइनेंस लोन और स्वयं-सहायता समूह के ऋण भी इससे अलग रहेंगे। अब बैंक और गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को उपभोक्ता व व्यक्तिगत कर्ज के लिए अब ज्यादा जोखिम का प्रावधान करना होगा। इससे उपभोक्ता कर्ज देने की क्षमता घट जाएगी और बैंक ज्यादा ब्याज पर कर्ज दे सकते हैं।

**असुरक्षित श्रेणी में वाहन ऋण शामिल**

आरबीआई के अनुसार, वे सभी टॉप अप कर्ज जो ऐसी संपत्ति के एवज में दिए गए हैं, जिनकी कीमतों में आगे गिरावट आती है, वे उधारी मूल्यांकन व एक्सपोजर उद्देश्यों के लिए असुरक्षित वर्ग के कर्ज माने जाएंगे। इसमें वाहन जैसे कर्ज आएंगे। क्रेडिट कार्ड के लिए रिस्क वेटेज बैंकों के लिए 125 फीसदी और एनबीएफसी के लिए 100 फीसदी है। इसे बढ़ाकर क्रमश- 150 व 125 फीसदी किया गया है। उच्च जोखिम भार का अर्थ असुरक्षित व्यक्तिगत कर्ज के लिए बैंकों को बफर में अधिक पैसा अलग रखना होता है, इससे उधारी देने की क्षमता घटती है।

**30फीसदी बढ़ा पर्सनल लोन**

इस साल सितंबर तक बैंकों का कुल पर्सनल लोन 48,26,833 करोड़ रुपये रहा। एक साल में यह 30 फीसदी बढ़ा है। सामान्य कर्ज की गति इसी दौरान सिर्फ 12-14 फीसदी ही बढ़ी। ऐसे में कर्ज डूबने का खतरा बढ़ सकता है। आरबीआई ने बैंकों से उपभोक्ता ऋण की क्षेत्रीय जोखिम सीमाओं की समीक्षा करने व स्वीकृत सीमाएं लागू करने के लिए भी कहा है।

## समंदर की गहराई की रहस्यमय कहानी स्टारफिश, रिलीज हुआ

# खुशाली कुमार की फिल्म का ट्रेलर



बी टाउन की फेमस एक्ट्रेस खुशाली कुमार जल्दी ही फिल्म स्टारफिश में नजर आने वाली हैं। लंबे समय से इस मूवी को लेकर खुशाली का नाम जमकर सुर्खियां बटोर रहा है ।बीते दिनों रिलीज हुए इस मूवी के टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाया है। इस बीच अब डायरेक्टर अखिल जयसवाल की स्टारफिश का शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जिसे देखकर आप भी रोमांचित हो जाएंगे।

### सामने आया स्टारफिश का ट्रेलर

मशहूर लेखक बीना नायक की प्रसिद्ध किताब स्टारफिश पिकल पर आधारित फिल्म स्टारफिश को लेकर चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। इस मूवी में खुशाली कुमार से साथ बॉलीवुड के फेमस कलाकार मिलिंद सोमन भी कमबैक करते हुए नजर आएंगे।

गुरुवार को टी सीरीज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर टारफिश का लेटेस्ट ट्रेलर शेयर किया है। ट्रेलर में



खुशाली तारा के किरदार फिल्म का मुख्य केंद्र बिंदु नजर आ रही हैं, जिससे ये साफ कहा जा सकता की इस फिल्म की पूरी कहानी उनके इर्द गिर्द घूमती है। हालांकि स्टारफिश के इस ट्रेलर से भी प्रेरित होता है कि इस फिल्म में समंदर के पानी के नीचे की रहस्यम दुनिया के पहलूओं को भी दिखाया जाएगा।सस्पेंस और ड्रामा स्टारफिशके ट्रेलर में दिखाई दे रहा है। जिसे देखने को बाद यकीनन स्टारफिश के लिए फैंस का उत्साह बढ़ने वाला है। कुल मिलाकार कहा जाए तो स्टारफिश का ये ट्रेलर काफी रोमांचक है।

### इस दिन रिलीज होगी स्टारफिश

खुशाली कुमार और मिलिंद सोमन के अलावा इस मूवी में तुषार खन्ना और एहान भट्ट भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। तुषार खन्ना इस फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं।गौर करें स्टारफिश की रिलीज डेट की तरफ तो ये मूवी आने वाले 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। स्टारफिश के ट्रेलर को देखने के बाद फैंस इसकी रिलीज का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## अनुपमा के अमेरिका जाने से पहले होगी छोटी अनु की मौत, मालती देवी रचेगी साजिश, शो में आने वाले हैं ये शॉकिंग ट्विस्ट



अनुपमा में इन दिनों दिखाया जा रहा है कि मालती देवी को अनुपमा से काफी जलन हो रही है. वो अनुपमा को अनुज की नजरों से गिराना चाह रही है. इसी वजह से वो अनुपमा के बच्चों को उसके खिलाफ यूज कर रही है. इसी बीच खबरें हैं कि शो में अब समर की डेथ के बाद छोटी अनु की डेथ हो जाएगी.

**मालती देवी रचेगी साजिश**

बॉलीवुड लाइफ की खबर के मुताबिक, छोटी अनु की शो में डेथ हो जाएगी. छोटी अनु की मौत के पीछे मालती देवी का हाथ होगा, लेकिन वो सारा इल्जाम अनुपमा पर डाल देगी. मालती देवी छोटी अनु की मौत का इस्तेमाल करके अनुज के मेन्युप्लेट करेगी. मालती देवी कोशिश करगी की अनुज अनुपमा को घर सेबाहर निकाल दे और ऐसा होगा भी. अनुज अनुपमा से उसकी जिंदगी से जाने के लिए कहेगा, क्योंकि वो छोटी अनु के बिना जी नहीं पा रहा है.

**इस विलेन की हो सकती है एंट्री**

वहीं खबरें हैं कि नकुल की शो में वापसी होगी. वो मालती देवी के साथ हाथ मिलाएगा और अनुपमा को अमेरिका जाने के लिए कहेगा ताकि वो अनुज की जिंदगी में वापस न आ सके. बता दें कि इस ट्रैक को लेकर अभी तक कुछ ऑफिशियली नहीं आया है.

**अमेरिका जाएगी अनुपमा**

अनुपमा के अमेरिका जाने की खबरें कंफर्म हैं. शो के मेकर्स ने नया प्रोमो शेयर कर दिया है, इसमें अनुपमा अमेरिका में नजर आ रही है. वो अमेरिका में अकेली है और छोटी-मोटी जॉब करके काम चला रही है.

अब ये देखना होगा कि अनुज और अनुपमा क्या हमेशा के लिए अलग हो जाएंगे. या फिर अनुपमा के पीछे-पीछे अनुज भी अमेरिका जाएगा और दोनों फिर से एक हो जाएंगे.

## आकांक्षा दुबे मर्डर केस में मुख्य आरोपी समर सिंह को मिली जमानत, 7 महीने बाद हुए जेल से रिहा



आकांक्षा दूबे मर्डर केस में मुख्य आरोपी सिंगर समर सिंह जेल से रिहा हो गए हैं. सिंगर को 7 महीने बाद जेल से रिहा हुए हैं. रिहाई के बाद जेल के बाहर उनके फैंस ने उनका वेलकम किया. इस दौरान समर सिंह मुंह छुपाते दिखे.

बता दें कि पिछले दिनों ही हाईकोर्ट ने समर सिंह की जमानत याचिका पर मुहर लगाई थी. आकांक्षा दुबे के सुसाइड मामले में समर सिंह मुख्य आरोपी थे. एक्ट्रेस 26 मार्च को होटल के कमरे में मृत पाई गई थीं. जिसके बाद पुलिस ने समर सिंह को 6 अप्रैल को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया था.

**आकांक्षा की मां ने लगाया था समर सिंह पर आरोप**

आकांक्षा दुबे की आत्महत्या के बाद उनकी मां मधु दुबे समर सिंह और उनके भाई संजय सिंह पर अपनी बेटी की हत्या की मौत का आरोप लगाया था. उन्होंने बताया था कि संजय सिंह ने पहले ही आकांक्षा को जान से मारने की धमकी दी थी. इस मामले में आकांक्षा की मां ने यूपी सरकार से समर सिंह को फांसी देने की मांग भी की थी.

**कई फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज में किया काम**

आकांक्षा दुबे भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम थीं. उन्होंने महज 17 साल की उम्र में ही एक्टिंग डेब्यू कर लिया था. आकांक्षा ने बैंड बज गया दूल्हा फंस गया, कसम पैदा करने वाले की 2, मुझसे शादी करोगी और साजन जैसी फिल्मों में काम किया था. इसके अलावा वे कई म्यूजिक वीडियोज जैसे भुअरी, काशी हिले पटना हिले, तुम जवान हम लाइका में भा नजर आ चुकी हैं.

**आईपीएस ऑफिसर बनाना चाहते थे पेरेंट्स**

आकांक्षा दूबे को उनके पेरेंट्स आईपीएस ऑफिसर बनाना चाहते थे. लेकिन एक्ट्रेस को शुरू से ही एक्टिंग और डांस का शौक था. करियर के बीच में ही आकांक्षा साल 2018 में डिप्रेशन का शिकार हो गई थीं. जिसके बाद वे स्क्रीन से गायब हो गई थीं. हालांकि कुछ समय बाद उन्होंने कमबैक कर लिया था.

# रश्मिका मंदाना

## के बाद अब Kajol हुई DeepFake वीडियो की शिकार, कपड़े बदलते हुए एक्ट्रेस की अश्लील तस्वीरें वायरल



रश्मिका मंदाना बीते दिनों अपने डीप फेक वीडियो की वजह से खूब सुर्खियों में पर रहीं. वहीं रश्मिका के बाद अब बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल इस तकनीक का शिकार हो चुकी हैं. जी हां, काजोल का एक अश्लील वीडियो सामने आया है, जो अब चर्चा का विषय बन चुका है.



**रश्मिका मंदाना के बाद अब Kajol हुई DeepFake वीडियो की शिकार**

वीडियो में डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल कर एक्ट्रेस को अश्लील तरीके से पेश किया गया है. डीपफेक से एडिट किए गए वीडियो में एक्ट्रेस को कपड़े बदलते हुए देखा जा सकता है. काजोल का यह वीडियो सोशल मीडिया खूब वायरल हो रहा है. उनके फैंस इस वीडियो पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं. **वहीं इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा गया है कि कैमरे में कपड़े बदलते कैद हुई** काजोल देवगन.

**कपड़े बदलते हुए एक्ट्रेस की अश्लील तस्वीरें वायरल**

वीडियो में आप देख सकते हैं कि काजोल कैमरा के सामने कपड़े चेंज करती हुई नजर आ रही हैं. हांलाकि, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये काजोल नहीं हैं, बल्कि एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर हैं. उन्होंने अपने इस वीडियो को टिक-टॉक पर शेयर किया था, जो काफी वायरल हुआ था. बता दें कि इस वीडियो को उन्होंने जून के महीने में शेयर किया था. वहीं अगर आप इस वीडियो को ध्यान से देखेंगे, तो कई बार चेहरा बदलता हुआ दिखाई देगा.

**रश्मिका मामले में पुलिस ने लिया एक्शन**

बता दें कि रश्मिका मंदाना वाले मामले में दिल्ली पुलिस ने 10 नवंबर को इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी. जिसके बाद उन्होंने 15 नवंबर को आरोपी को ढूंढ निकाला. जी हां, दिल्ली पुलिस की ifso यूनिट ने बिहार के रहने वाले 19 साल के युवक को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की है.

# विधानसभा आम निर्वाचन-2023 : सबसे अधिक मतदान प्रतिशत भितरवार में तो सबसे कम ग्वालियर पूर्व में

**ग्वालियर** ।ग्वालियर जिले से 6 विधानसभा सदस्य चुनने के लिए शुक्रवार 17 नवम्बर को हुए मतदान में कुल 16 लाख 24 हजार 567 मतदाताओं में से 10 लाख 96 हजार 578 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया । इस प्रकार लगभग 67.50 प्रतिशत मतदाताओं ने ई.वी.एम. मशीन में बटन दबाकर अपनी पंसद के विधानसभा सदस्य चुनने के लिए मत दर्ज कराये। इस बार के विधानसभा आम चुनाव में पिछले विधानसभा आम चुनाव की तुलना में 3.44 प्रतिशत




अधिक मतदान हुआ है। ज्ञात हो पिछले विधानसभा चुनाव में जिले के मतदान का प्रतिशत 64.06 प्रतिशत रहा था।

इस बार सबसे अधिक मतदान प्रतिशत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र भितरवार में रहा। यहाँ 75 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। जिले में सबसे कम मतदान प्रतिशत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर पूर्व में रहा। यहां 57.94 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-14 ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत 2 लाख 51 हजार 788 मतदाताओं में से एक लाख 87 हजार 687 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-15 ग्वालियर के अंतर्गत 2 लाख 99 हजार 765 मतदाताओं में से एक लाख 95 हजार 707, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-16 ग्वालियर पूर्व में 3 लाख 30 हजार 293 मतदाताओं में से एक लाख 91 हजार 356 मतदाताओं ने वोट डाले। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-17 ग्वालियर दक्षिण के अंतर्गत 2 लाख 58 हजार 312 मतदाताओं में से एक लाख 64 हजार 870, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-18 भितरवार में 2 लाख 42 हजार 642 मतदाताओं में से एक लाख 81 हजार 980 एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-19 डबरा (अजा) के अंतर्गत 2 लाख 41 हजार 767 मतदाताओं में से एक लाख 74 हजार 978 मतदाताओ ने वोट डाले। जिले के कुल मतदाताओं में 56 अन्य (थर्ड जेण्डर) मतदाता शामिल हैं। इनमें से 18 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

# भारत की जीत के लिए आज करौली माता मंदिर में डाली जाएंगी आहूति



**ग्वालियर।** क्रिकेट वर्ल्डकप के फाइनल के लिए क्रिकेट प्रेमियों में जहां जुनून देखा जा रहा है, वहीं धार्मिक अनुष्ठान भी किए जा रहे हैं। शहर के करोली माता मंदिर में वैसे तो इन दिनों मां कनकेश्वरी की कथा एवं नवकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है,लेकिन 20 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से इस यज्ञ में भारतीय टीम के क्रिकेट विश्वविजेता बनने के लिए विशेष आहूतियां दी जाएंगी। यह अनुष्ठान यज्ञाचार्य पं. दीपक तिवारी के सानिध्य में किया जाएगा। यह जानकारी करोलीमाता एवं कुंवर महाराज मंदिर के महामंडलेश्वर कपिल मुनि महाराज ने दी।


# ग्वालियर के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदान केन्द्रों के दस्तावेजों की हुई संवीक्षा

**ग्वालियर।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों में अपनाई गई मतदान प्रक्रिया की शनिवार 18 नवम्बर को संवीक्षा (जाँच) की गई। संवीक्षा की कार्यवाही यहाँ एमएलबी कॉलेज में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार संबंधित प्रेक्षकगण व प्रत्याशियों के प्रतिनिधिगण की मौजूदगी में रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा संपादित की गई। संवीक्षा में खासतौर पर प्रारूप 17 , मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी व अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा (जाँच) की गई। ज्ञात हो विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 17 नवम्बर को मतदान हुआ था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने भी संवीक्षा की प्रक्रिया का जायजा लिया। संवीक्षा में पाया गया है कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत



मतदान संपादित हुआ है। इसलिये जिले में किसी भी मतदान केन्द्र में पुनरमतदान (री-पोल) की आवश्यकता नहीं है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 14-ग्वालियर ग्रामीण में प्रेक्षक अनिल कुमार सिंह एवं प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यहाँ के रिटर्निंग अधिकारी बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव ने संवीक्षा की कार्यवाही पूर्ण की। इसी तरह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर में प्रेक्षक अनिल कुमार सिंह व रिटर्निंग अधिकारी अतुल सिंह, 16-ग्वालियर पूर्व में प्रेक्षक रवि कुमार अरोरा व रिटर्निंग ऑफीसर विनोद सिंह, 17-ग्वालियर दक्षिण में प्रेक्षक रवि कुमार अरोरा व रिटर्निंग अधिकारी नरेशचंद्र गुप्ता, 18-भितरवार में प्रेक्षक के. विवेकानंद व रिटर्निंग अधिकारी देवकीनंदन सिंह एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 19-डबरा (अजा) में प्रेक्षक आनंद शर्मा व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रिटर्निंग अधिकारी मुनीष सिंह सिकरवार ने सम्पन्न कराई।

# मंदिरों से ज्यादा व्यक्ति निर्माण जरूरी : मां कनकेश्वरी



**ग्वालियर।** महलगांव करोलीमाता मंदिर में श्रीमद्देवी कथा के दूसरे दिन अग्नि अखाड़ की महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी ने कहा कि चाहे जितने बड़े मठ मंदिर बना लो, जब तक अच्छे लोगों को निर्माण नहीं करोगे तो इनका कोई फायदा नहीं होगा। मंदिर और धर्म स्थानों का निर्माण जरूरी है,लेकिन चरित्रवान लोगों का निर्माण करना उससे भी जरूरी है। इस मौके पर महामंडलेश्वर कपिल मुनि महाराज, देवेंद्र प्रताप सिंह रामू, अशोक जादौन ने मां जगदम्बा की आरती की। मां कनकेश्वरी ने कहा कि यदि हम अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण नहीं करेंगे तो वो विवाद और संघर्ष का कारण बनेंगे। उन्होंने बताया कि मां शक्ति की साधना वही लोग कर सकते हैं जो पत्नी पुत्रवधु, बेटी का सम्मान करते हैं, जिन पर कुलदेवी और गुरूजनों की कृपा हो,लेकिन जो साधना के अधिकारी नहीं हैं जिनके लिए साधना योग्य होने के भी उपाय हैं। वैसे तो नवरात्रि में देवी भागवत कथा का आयोजन सर्वोत्तम होता है,लेकिन इसके लिए समय और दिन निश्चित नहीं हैं। यह कितने भी दिन और कभी भी कराई जा सकती है। 5 बार देवी भागवत करने से प्रथ्वी का असर खत्म हो जाता है और पूर्ण शुद्धता आ जाती है। ये कथा कार्तिक स्वामी ने अगस्त को सुनाई थी। देवी भागवत कथा के दौरान स्फूर्ति बनाए रखने के लिए भोजन



का संयम करें। अंत में कन्या एवं ब्राह्मणों का पूजन करें।उन्होंने बताया कि देवी भागवत का अनुष्ठान असंभव को संभव कर सकता है। कार्तिक स्वामी शक्ति के परम उपासक थे, इसलिए कार्तिक स्वामी की उपासना देवी की ही उपासना कहलाती है। उन्होंने बताया कि यज्ञ कामधेनु के समान हैं, जो सही मुहुर्त में सही धन से सही स्थान पर और सही मंत्रोच्चार और सही नीयत से हो तो तो सारे मनोरथ पूरे होते हैं। उन्होंने कहा कि जो भाग्य से मिलता है वो नष्ट हो सकता है, लेकिन जो भगवती की कृपा से मिलता है, वो अक्षय होता है। जिनकी वृत्ति भटकती है और उसे स्थिर करना हो तो देवी भागवत का श्रवण करना चाहिए। शरीर में आने वाले असमय परिवर्तनों को रोकने के लिए देवी भागवत का अनुष्ठान करना चाहिए।

# ग्वालियर के सभी मतदाता, कांग्रेस कार्यकर्ता और इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया को धन्यवाद

### मप्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी इस बारः डॉ. देवेन्द्र शर्मा

**ग्वालियर ।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधुओं सहित ग्वालियर की समस्त जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार से ग्वालियर की जनता ने मतदान के प्रतिशत बढ़ाकर कांग्रेस के पक्ष में बंम्पर मतदान करते हुए जो संदेश दिया है उससे जीतेगी कांग्रेस, जीतेगा हाथ निशान और मप्र में विकास का





नया इतिहास लिखा जाएगा।शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने आगे कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के प्रत्येक सिपाही ने कांग्रेस के चुनाव प्रचार और चुनाव मेनेजमेंट में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे चुनाव में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे उन सभी कार्यकर्ताओं एवं प्रिंट तथा इलेंक्ट्रोनिक मीडिया के हमारे सभी पत्रकार बंधुओ का आभार जिन्होंने अपनी निष्पच्छ पत्रकारिता से जनता के प्रत्येक मुद्दे को उठाया इसके साथ ही ग्वालियर के सभी मतदाताओ को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से कांग्रेस जीत का इतिहास बनाने जा रही है, ग्वालियर महानगर सहित मप्र को विकास को मुख्यधारा से जो?ने के लिए मप्र में कमलनाथ के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आ रही है, कांग्रेस को जनसमर्थन देने के लिए जन-जन का आभार।

# नहाया-खाया से शुरू किया महिलाओं ने छठ पर्व,आज से होगा व्रत प्रारंभ



**ग्वालियर.** । सुहाग की लंबी आयु और संतान के सुखी जीवन व घर में सुख समृद्धि के लिए रखे जाने वाला छठ पर्व की शुरूआत हो गई। शुक्रवार को महिलाओं ने छठ पर्व के पहले दिन नहाया-खाया से प्रारंभ किया। शनिवार की शाम को भगवान सूर्य की आराधना के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा जो 20 नवंबर की सुबह भगवान सूर्य की पूजा अर्चना के बाद ही पारण होगा। ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा का कहना है कि चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व उषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्यदेव की बहन षष्ठी माता को समर्पित है। इसमें विशेष रूप से सूर्य देव को अर्घ्य देने की परंपरा है और यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। आज भी लोग भक्तिभाव और पूर्ण श्रद्धा के साथ इसे मनाते हैं। इसमें व्रती पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। इसलिए छठ व्रत को कठिन व्रतों में एक माना गया है।छठ पर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना होता है, इस दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 46 मिनट और सूर्यास्त शाम 5 बजकर 26 मिनट पर होगा। खरना के दिन व्रती केवल एक ही समय शाम में मीठा भोजन करती है। इस दिन मुख्य रूप से चावल के खीर का प्रसाद बनाया जाता है, जिसे मिट्टी के चूल्हे में आम की लकड़ी जलाकर बनाया जाता है। इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद व्रती का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। इसके बाद सीधे पारण किया जाता है।

# वीरांगना लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी जी की जयंती पर कांग्रेस नमन करेगी : डॉ. देवेन्द्र शर्मा



**ग्वालियर ।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वाधीनता आंदोलन की प्रेरणास्त्रोत वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजली अर्पित कर नमन किया जाएगा।शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि 19 नवंबर को प्रातः 9.30 बजे सर्वप्रथम वींरागना लक्ष्मीबाई समाधी स्थल एमएलबी रोड पहुचंकर सभी कांग्रेसजन वींरागना को पुष्पांजली अर्पित करेंगे7 तदपश्चात प्रातः 10 बजे छत्री बाजार स्थित लेडिस पार्क पर श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर नमन कर उन्हें पुष्पांजली अर्पित करेंगे।

# गैर अधिमान्य पत्रकरों की स्वास्थ्य बीमा सूची जारी करना भूली बीमा कंपनी

भोपाल । मध्यप्रदेश सरकार की पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना में गैर अधिमान्य श्रेणी में बीमा करने वाले पत्रकारों के बीमा सूची अभी तक जारी नहीं हो पाये हैं और न ही उनकी बीमा सूची जनसंपर्क विभाग ने अपडेट की है। यह अवधि एक नवंबर से शुरू होनी थी और आज 18 नवंबर हो जाने के बाद भी यह सूची बीमा कंपनी ने अपडेट नहीं की है और न ही जनसंपर्क विभाग ने अपनी वेबसाइट पर डाली है। जिससे गैर अधिमान्य श्रेणी के पत्रकार अपने बीमा कार्ड के लिये भटक रहे हैं। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश सरकार ने मध्यप्रदेश के अधिमान्य व गैर अधिमान्य श्रेणी के लिये स्वास्थ्य बीमा व दुर्घटना बीमा योजना यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के साथ संयुक्त रूप से कई वर्षो से लागू की है। इस वर्ष भी इसके आवेदन सितंम्बर में भरे गये थे, जिसमें अधिमान्य श्रेणी के पत्रकारों की सूची तो अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आ गईथी। लेकिन गैर अधिमान्य श्रेणी के पत्रकारों की बीमा सूची अभी तक नहीं आई है। गैर अधिमान्य श्रेणी में लगभग पांच हजार से भी अधिक पत्रकारों ने अपना स्वास्थ्य बीमा कराया है। और उनकी बीमा अवधि एक नवंबर 2023 से एक वर्ष के लिये है। लेकिन नवंबर माह के 18 दिन बीतने के बाद भी गैर अधिमान्य पत्रकारों की स्वास्थ्य बीमा हितग्राहियों की लिस्ट अभी तक नहीं आई है जिससे बीमा कराने वाले गैर अधिमान्य श्रेणी के पत्रकार बीमा कार्ड के लिये परेशान है , वहीं इलाज कराने के लिये भी उन्हे भटकना पड रहा है।

# अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर की 450वीं बैठक 19 को



ग्वालियर। अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर की 450वीं साप्ताहिक बैठक 19 नवंबर रविवार को प्रातः 8:30 बजे से 10 बजे तक होगी। यह बैठक अग्रवाल विला कुणालकर की गोठ राक्सी पुल लश्कर पर रहने वाले सोम अग्रवाल के निवास पर होगी। उक्त जानकारी अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर के डॉ रामबाबू गोयल ने दी। उन्होने बताया कि किसी भी संगठन की लगातार 450वीं बैठक समाज हित में करना बहुत गर्व की बात है और यह सौभाग्य अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर को मिला है,

# उद्घाटन के दो महीने बाद जिला अस्पताल में अब मिलना शुरू होगा परामर्श

**ग्वालियर.।** जिला अस्पताल में मरीजों को परामर्श मिलना शुरू नहीं हो सका। जबकि भवन का उद्घाटन 30 सितंबर को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कर चुके हैं। उद्घाटन के दो महीना गुजरने के बाद भी मरीजों केलिए पूरी तरह से अस्पताल तैयार नहीं हो सका। हालात यह है कि मरीजों को परामर्श लेने के लिए प्रसूतिगृह जाना पड़ता है और भर्ती जिला अस्पताल में किया जाने लगा है। अस्पताल को पूरी तरह से शुरू होने में अभी करीब एक महीने का वक्त और लगेगा। तबतक मरीजों को इसी तरह से परेशान होना पड़ेगा। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का दाबा है कि अगले दो दिन में वह ओपीडी भी जिला अस्पताल में शुरू कर देंगे।गौरतलब है कि जिला अस्पताल का उन्नयन कार्य करने के चलते अगस्त के आखिर में खाली करा दिया गया था। जिसके बाद 30 सितंबर को आधे अधूरे भवन का चुनाव के चलते केन्द्रीय मंत्री ने भवन का उद्घाटन कर दिया था।तब यह कहा गया था कि दस दिन में जिला अस्पताल मरीजों के लिए खोल दिया जाएगा। लेकिन आज तक जिला अस्पताल में मरीजों को पूरी तरह से उपचार मिलना संभव नहीं हो सका।**आईपीडी शुरू होने में लगे दो**



**महीने**-जिला अस्पताल दो महीने बाद आईपीडी शुरू होने के बाद अब ओपीडी शुरू की जानी है। लेकिन ओपीडी के लिए नवनिर्मित कक्ष अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हो सके। इसलिए पुराने कक्ष में ही सोमवार से ओपीडी शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि पुराने दस कक्ष है जो पूरी तरह से तैयार है। फिलहाल उन्हीं में डाक्टरों को बैठाकर ओपीडी शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि जो नवीन बीस कक्ष बनाए गए है उन्हें तैयार होने में वक्त लगेगा।

**उद्घाटन के बाद इन अस्पतालों में ताला**-बिरला नगर प्रसूतिगृह का नया 50 बेड का भवन बनकर तैयार है। जिसका उद्घाटन भी किया जा चुका है। लेकिन इस भवन को अभी मरीजों के लिए नहीं खोला जा सका। बताया गया है कि इस भवन को अब 100 बेड का बनाया जा रहा है। जिसको लेकर शासन से फंड स्वीकृत हो चुका है अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इस कारण से मरीजों के लिए अस्पताल का ताला नहीं खोला जा सका।जिला अस्पताल में आइपीडी और जांच होने लगी हैं। सोमवार से ओपीडी शुरू हो जाएगी। अभी जो पुराने कक्ष मौजूद है उन्हीं में डाक्टर बैठकर मरीजों को परामर्श देंगे।

**डा आलोक पुरोहित , आरएमओ जिला अस्पताल**

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478